RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 60 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, शुक्रवार, 28 अगस्त 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

खेलो इंडिया डायलॉग में देशभर के खिलाड़ियों व छात्रों से प्रधानमंत्री बोले

## 32 में सिर्फ 16 खेल, आधे खेलों में मैदान से बाहर रहकर कैसे बढ़ेंगे ओलंपिक पदक

### पीएम ने कहा, आधे खेलों में भारत की चुनौती ही नहीं, खेलों का दायरा बढ़ाना जरूरी

● नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के ओलंपिक अभियान को लेकर गुरुवार को बड़ा सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अगर देश को ओलंपिक में अपना पदक प्रदर्शन बेहतर करना है, तो उन खेलों में भी उतरना होगा, जिनमें भारत अब तक भाग नहीं लेता रहा है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक के आधे खेलों में भारत की मौजूदगी ही नहीं है और ऐसे में पदक तालिका का बड़ा हिस्सा अपने आप ही हमारे लिए बाहर हो जाता है। खेलो इंडिया डायलॉग में देशभर के खिलाड़ियों, छात्रों और स्वयंसेवकों को वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि खेलों को सिर्फ पदक जीतने तक सीमित नहीं किया जा सकता। खेलों के जरिए देश की युवा शक्ति और खेल शक्ति को विकसित भारत के निर्माण से जोड़ना उनकी सोच का हिस्सा है। इस कार्यक्रम में खेल मंत्री मनसुख मांडविया भी शामिल हुए।

पीएम मोदी ने कहा, ओलंपिक में इतने सारे अलग-अलग खेल होते हैं। भारतीय टीमें उनमें से आधे खेलों में हिस्सा ही नहीं लेतीं। इसका मतलब है कि हम पदकों की बड़ी संख्या के लिए मुकाबला ही नहीं कर रहे हैं। उन्होंने इसे देश के लिए एक कड़वी सच्चाई बताते हुए कहा कि यह स्थिति दशकों से चली आ रही है। मोदी ने उदाहरण देते हुए कहा कि 2012 के लंदन ओलंपिक में भारत ने सिर्फ 13 खेलों में हिस्सा लिया था। यानी 20 से ज्यादा खेलों में भारत की मौजूदगी नहीं थी।



### खेल सिर्फ चैम्पियन नहीं, बेहतर इंसान बनाता है

**पीएम** मोदी ने खेलों की भूमिका को पदकों से आगे बताते हुए कहा कि खेल युवाओं में चरित्र निर्माण का काम करते हैं। उनके मुताबिक खेल जीतने के साथ-साथ हार के बाद फिर उठ खड़े होने की भावना भी सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को नशे जैसी गंभीर चुनौती से दूर रखने में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। मोदी ने युवाओं को स्क्रीन और गेमिंग की दुनिया से बाहर निकलकर मैदान और खेल केंद्रों से जुड़ने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, स्क्रीन से ज्यादा स्पोर्ट्स सेंटर की अहमियत है. प्ले स्टेशन से ज्यादा प्लेग्राउंड की अहमियत है।

### 5 से 15 साल के बच्चों की होगी तलाश

**प्रधानमंत्री** ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में देश के खेल भविष्य को लेकर एक राष्ट्रव्यापी टैलेंट हंट का ऐलान किया था। इसके तहत 5 से 15 साल की उम्र के बच्चों की प्रतिभा पहचानने पर जोर दिया जाएगा, ताकि भविष्य में ओलंपिक में भारत की भागीदारी और मजबूत हो सके। खेलों के अपने विजन को समझाते हुए मोदी ने कहा कि उनका उद्देश्य सिर्फ पदक जीतना नहीं है। खेलों को देश की युवा शक्ति के साथ जोड़कर विकसित भारत के निर्माण का माध्यम बनाना है।

### पैरा एथलीटों से प्रेरणा लेने की अपील

**पीएम** मोदी ने पैरा एथलीटों को खेल की ताकत का बड़ा उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि किसी खिलाड़ी की सफलता सिर्फ उसकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं होती, बल्कि उससे परिवार, स्कूल, कॉलेज, जिले और पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ता है। उन्होंने पैरा-आर्चर शीतल देवी, पैरा-शूटर अवनी लेखरा, पैरा-पावरलिफ्टर झंडू कुमार और पैरा-जैवलिन थ्रोअर सुमित अंतिल का विशेष रूप से जिक्र किया। मोदी ने कहा कि इन खिलाड़ियों ने दिखाया है कि खेल किसी व्यक्ति की जिंदगी के साथ-साथ उसके आसपास के पूरे समाज को बदलने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री का संदेश साफ है- अगर भारत को ओलंपिक पदक तालिका में बड़ा बदलाव लाना है, तो सिर्फ मौजूदा मजबूत खेलों पर निर्भर रहने के बजाय नए खेलों में भी खिलाड़ियों की फौज तैयार करनी होगी।

### पीएम का सर्फिंग व स्पोर्ट क्लाइंबिंग पर खास जोर

**प्रधानमंत्री** ने सर्फिंग और स्पोर्ट क्लाइंबिंग का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत में इन खेलों के लिए प्राकृतिक परिस्थितियां मौजूद हैं, लेकिन अभी तक कोई भारतीय खिलाड़ी ओलंपिक में इन स्पर्धाओं में नहीं उतरा है। उन्होंने कहा कि भारत की विशाल समुद्री तटरेखा सर्फिंग के लिए और देश का विशाल पहाड़ी क्षेत्र स्पोर्ट क्लाइंबिंग जैसी गतिविधियों के लिए अनुकूल है। इसके बावजूद इन खेलों में भारत की वैश्विक मौजूदगी नजर नहीं आती। सर्फिंग और स्पोर्ट क्लाइंबिंग दोनों को 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कार्यक्रम में जगह मिली है। मोदी ने कहा कि भारत को अलग-अलग क्षेत्रों में इन खेलों के विकास के अवसर तलाशने होंगे और इन खेलों में भी महारत हासिल करनी होगी। उन्होंने कहा, पानी के खेलों से लेकर विंटर स्पोर्ट्स तक, हमारे पास जरूरी जनसांख्यिकी और भौगोलिक परिस्थितियां मौजूद हैं।

जबलपुर में प्रतिवर्ष 80 टैंकों की होगी मरम्मत

## राजनाथ बोले- ड्रोन व मिसाइलों के युग में भी टैंकों का महत्व बरकरार

### जबलपुर में टी-सीरीज टैंक ओवरहाल परियोजना का रक्षा मंत्री ने किया भूमिपूजन, सीएम डॉ. मोहन यादव रहे मौजूद

● जबलपुर



टी-सीरीज टैंक ओवरहाल परियोजना भारत को विश्व के अग्रणी रक्षा विनिर्माण और निर्यात केंद्रों में शामिल करने के लक्ष्य में योगदान देगी। युद्ध का स्वरूप भले ही ड्रोन, सटीक निर्देशित हथियार, मिसाइल, उपग्रह, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर युद्ध के कारण बदल रहा है, लेकिन टैंकों का महत्व कम नहीं हुआ है। बल्कि उनकी भूमिका और बढ़ी है। यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर (व्हीएफजे) में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में कही।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में टी-सीरीज टैंक ओवरहाल परियोजना का भूमिपूजन किया। व्हीएफजे मिनी रत्न रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड (एवीएनएल) की एक इकाई है। परियोजना के तहत टी-72 और टी-90 टैंकों की मरम्मत के लिए सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। इसकी अनुमानित लागत 472 करोड़ रुपए है। इसे देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। व्हीएफजे में प्रतिवर्ष 80 टैंकों की मरम्मत की क्षमता विकसित की गई है। इससे भारतीय सेना को मरम्मत किए गए टैंक समय पर उपलब्ध हो सकेंगे।

### मप्र के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी : सीएम

**मुख्यमंत्री** डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रयासों से भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। जबलपुर में शुरू हो रही टी-सीरीज टैंक ओव्हरहॉल परियोजना देश की रक्षा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह परियोजना रक्षा आधुनिकीकरण के साथ आत्मनिर्भर भारत, सशक्त सेना और नए भारत के पराक्रम का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टी-सीरीज टैंक के ओव्हरहॉल प्रोजेक्ट से भारतीय सेना नए दौर में प्रवेश कर रही है। जबलपुर की आर्मर्ड फैक्ट्री ने अपने काम के बल पर देशभर में विशिष्ट पहचान बनाई है। भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए मध्यप्रदेश की अलग-अलग रक्षा फैक्ट्रियों में सेना के लिए उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के माध्यम से मप्र को लगातार रक्षा क्षेत्र में नई परियोजनाएं मिल रही हैं। भोपाल में बीईएमएल के माध्यम से महत्वपूर्ण परियोजना मिली है। प्रदेश में वंदे भारत सहित विभिन्न प्रकार के कोचों के निर्माण की दिशा में भी काम हो रहा है। रक्षा क्षेत्र में निवेश से मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार निवेश बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

## नेपाल में मरने वालों की संख्या 392 हुई 1500 लापता, इनमें भारत के 288 लोग

### नेपाल के आठ जिलों से बरामद हुई हैं लाशें, लापता लोगों में पर्यटक और तीर्थयात्री शामिल, इनमें 30 से अधिक देशों के लोग, भारत ने भेजी मदद

● काठमांडू

तिब्बत में ग्लेशियर के ढहने से नेपाल और चीन के सीमावर्ती क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। इस विनाशकारी बाढ़ में अब तक 392 लोगों की जान जा चुकी है और 1500 से अधिक लोग लापता हैं।

नेपाल पुलिस के अनुसार मरने वालों की संख्या 392 हो गई है। पुलिस ने बताया कि बुधवार को आई भयानक बाढ़ में जो लोग लापता हैं उनमें 30 से अधिक देशों के लोग शामिल हैं। वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नेपाल के हालात पर भारत की नजर है। उन्होंने कहा-नेपाल में 288 भारतीयों से अब भी संपर्क नहीं हो पाया है। कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए करीब 200 भारतीय अब भी चीन में फंसे हैं, जबकि कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए 21 लोग बचाए गए।



### नदी किनारे लगातार चल रहा सर्च ऑपरेशन

**बाढ़** के बाद लापता लोगों की तलाश और शवों की बरामदगी के लिए चितवन में तैनात तीनों सुरक्षा एजेंसियां नदी किनारे सक्रिय हैं। सुरक्षा बल त्रिशूली और नारायणी नदी के विभिन्न हिस्सों में लगातार सर्च और रिकवरी ऑपरेशन चला रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि खोज अभियान जारी रहने के साथ बरामद शवों की संख्या और बढ़ सकती है। बरामद शवों की पहचान, आवश्यक कानूनी प्रक्रिया और सम्मानपूर्वक अंतिम प्रबंधन के लिए प्रशासन, सुरक्षा निकायों तथा स्वास्थ्य संस्थानों के बीच समन्वय किया जा रहा है।

नेपाल हादसा

## मप्र के नागरिकों के लिए दिल्ली में बना कंट्रोल रूम

**भोपाल, प्रसं।** नेपाल में आई आपदा और संकट की स्थिति को देखते हुए मप्र सरकार ने वहां मौजूद अथवा फंसे प्रदेशवासियों की सहायता के लिए नई दिल्ली में कंट्रोल रूम स्थापित किया है। राज्य सरकार ने नागरिकों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर 011-26772005, व्हाट्सएप नंबर 9818963273 और ईमेल आईडी recp1 mpbhawan@mp.gov.in जारी की है। सरकार की ओर से कहा गया है कि मप्र के नागरिक या उनके परिजन इन माध्यमों से तत्काल संपर्क करें। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर प्रभावितों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

### हेल्पलाइन नंबर, व्हाट्सएप नं. और ईमेल आईडी किए जारी

## बीएसएनएल के दो इंजीनियर डेढ़ लाख रु. की रिश्वत लेते पकड़ाए

### एक फर्म से बिल भुगतान के एवज में मांगी थी 4 लाख रुपए की राशि, सीबीआई ने किया ट्रैप

● भोपाल



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई ) ने रिश्वतखोरी के एक बड़े मामले में बीएसएनएल भोपाल के दो वरिष्ठ अधिकारियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपियों ने एक फर्म के प्रतिनिधि से बिल भुगतान के एवज में 4 लाख की डिमांड की थी। सीबीआई ने दोनों से 75- 75 हजार की रिश्वत राशि यानि कुल डेढ़ लाख बरामद किए हैं। सीबीआई ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं के प्रकरण दर्ज कर लिया है। दरअसल पूरा मामला यह है कि भोपाल बीएसएनएल में पदस्थ चीफ इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) अवनीश कुमार शुक्ला और सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) विश्वाबन्धु चक्रपाणि के खिलाफ जबलपुर की एक फर्म ने सीबीआई भोपाल को रिश्वत मांगने की शिकायत की थी।

### बीएसएनएल का कस्टमर बनकर पहुंची टीम

**सीबीआई** के अधिकारियों को गोपनीय तरीके से ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया। दोपहर डेढ़ बजे करीब साकेत नगर स्थित बीएसएनएल के दफ्तर में अफसर बीएसएनएल का कस्टमर बनकर पहुंचे ताकि आफिस में काम कर रहे कर्मचारियों को किसी प्रकार की भनक न लगे। इस दौरान जैसे ही फर्म के प्रतिनिधि से दोनों अधिकारियों ने पहली किश्त के तौर पर 75 -75 हजार की राशि हाथ में ली। नजदीक ही खड़े सीबीआई अधिकारियों ने दोनों को ट्रैप कर लिया।

## सड़क हादसे में दादा-नातिन समेत चार की मौत

**रीवा, आरएनएन।** शहर के गुढ़ थाना क्षेत्र के भैरव बाबा मोड़ पर गुरुवार शाम तेज रफ्तार बाइक ने स्कूटी को सामने से टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। इनमें एक ही परिवार के दो बच्चों सहित तीन की मौत हो गई।

### रीवा में बाइक व स्कूटी की टक्कर से हुआ हादसा

हादसे में बाइक सवार की भी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, चौड़ीयार निवासी विंध्यवासिनी तिवारी अपनी दो नातिनों के साथ स्कूटी से गुढ़ बाजार से लौट रहे थे। इसी दौरान एक बाइक सवार युवक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में शिवी तिवारी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था, जबकि शक्ति तिवारी और उसके दादा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उधर, मझौली, सीधी निवासी बाइक सवार पंकज सिंह (22) की भी उपचार के दौरान मौत हो गई।

## रिटेल स्टोर से चीनी खरीद की लिमिट तय

**नई दिल्ली, आरएनएन।** रक्षाबंधन से पहले देश में चीनी की सप्लाई को लेकर दबाव बढ़ गया है। घरेलू मांग बढ़ने के बीच कई बड़े रिटेल स्टोर और ऑनलाइन ग्रॉसरी प्लेटफॉर्म ने ग्राहकों के लिए चीनी खरीदने की मात्रा सीमित कर दी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक डीमार्ट और रिलायंस जैसे रिटेल चेन में एक ग्राहक के लिए करीब 2 से 3 किलो तक चीनी खरीदने की सीमा तय की गई है। कहने का मतलब है कि अगर आप डीमार्ट या रिलायंस रिटेल में चीनी खरीदने जा रहे हैं तो 3 किलो से ज्यादा नहीं ले सकेंगे। हालांकि, इससे जुड़े अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल बाजार में पूरी तरह स्टॉक खत्म होने जैसी स्थिति नहीं है लेकिन सप्लाई को लेकर राशनिंग शुरू हो गई है।

### एक ग्राहक को केपल 2 से 3 किलो ही मिलेगी

सबसे बड़ी कर्ज माफी | बैंकों के विरोध के बीच एनसीएलटी ने सुभाष चंद्रा के 22,006 करोड़ के कर्ज निपटान को दी मंजूरी

## 22000 करोड़ का कर्ज, सिर्फ 6.5 करोड़ में रफा-दफा

● नई दिल्ली

एस्सेल ग्रुप और जी एंटरटेनमेंट के संस्थापक सुभाष चंद्रा से जुड़ी एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने सुभाष चंद्रा से जुड़े एक भारी-भरकम कर्ज निपटान को अपनी मंजूरी दे दी है। इस फैसले ने पूरे बैंकिंग और कॉर्पोरेट सेक्टर को हैरत में डाल दिया है, क्योंकि इसमें कर्जदाताओं को अपने पैसों का लगभग पूरा हिस्सा भूलना पड़ा है।

इस मामले की सबसे बड़ी और हैरान करने वाली बात इसके आंकड़ें हैं। कुल बकाया कर्ज लगभग 22,006 करोड़ रुपये रहा और निपटान राशि महज 6.5 करोड़ रुपये थी। वहीं हेयरकट 99.97 प्रतिशत (यानी कर्जदाताओं ने अपने 99.97 प्रतिशत पैसों का नुकसान उठाया है)। सुभाष चंद्रा और उनके एस्सेल ग्रुप की कंपनियों पर पिछले कुछ वर्षों से भारी कर्ज का बोझ था। कर्ज चुकाने में असमर्थता के कारण मामला



एनसीएलटी (नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल) में पहुंचा था। रिपोर्ट के अनुसार, एनसीएलटी ने अब 22,006 करोड़ रुपये की भारी-भरकम देनदारी को सेटल करने के लिए चंद्रा द्वारा पेश किए गए मात्र 6.5 करोड़ रुपये के भुगतान प्रस्ताव के अपनी कानूनी मंजूरी दे दी है। एनसीएलटी के तीसरे सदस्य (न्यायिक) नीलेश शर्मा ने अपना निर्णायक फैसला सुनाते हुए इस रीपेमेंट प्लान को मंजूरी दे दी है। दरअसल, सितंबर 2025 में दो सदस्यीय बेंच के बीच मतभेद के बाद फरवरी 2026 में यह मामला उन्हें सौंपा गया था, जिस पर फैसला देते हुए शर्मा ने इस योजना पर अंतिम मुहर लगा दी। इससे पहले नवंबर 2024 में ही लेनदारों ने 80.814 प्रतिशत बहुमत के साथ इस प्लान को पास कर दिया था, जो आईबीसी के नियमों के तहत जरूरी 75 प्रतिशत से अधिक है। एलआईसी हाउसिंग, एचडीएफसी समेत कुछ अन्य कर्जदाताओं ने इसका विरोध जरूर किया था।

### हेयरकट का मतलब क्या है

बैंकिंग और फाइनेंस की भाषा में हेयरकट का मतलब उस रकम से होता है, जिसे बैंक या कर्जदाता डूबत खाते में मानकर छोड़ने (माफ करने) को तैयार हो जाते हैं ताकि उन्हें कम से कम कुछ पैसा वापस मिल सके। इस मामले में 99.97 प्रतिशत के हेयरकट का सीधा मतलब यह है कि जिन वित्तीय संस्थानों या कर्जदाताओं ने सुभाष चंद्रा/एस्सेल ग्रुप को पैसा दिया था, उन्हें अपने हर 100 रुपये के बदले सिर्फ 3 पैसे (0.03 प्रतिशत) वापस मिले हैं और बाकी 99.97 रुपये पूरी तरह डूब गए हैं।

### कर्ज माफी पर विजय माल्या ने कसा तंज

**जी** एंटरटेनमेंट के संस्थापक सुभाष चंद्रा को 22,006 करोड़ रुपये का भारी-भरकम कर्ज मात्र 6.5 करोड़ रुपये में चुकाने की एनसीएलटी से मिली मंजूरी के बाद अब शराब कारोबारी विजय माल्या ने तंज कसा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए माल्या ने सुभाष चंद्रा पर निशाना साधते हुए लिखा, अगर यह सच है तो मेरे दोस्त सुभाष को बहुत-बहुत बधाई... बैंक और सरकार ने खुद माना है कि उन्होंने मेरे 6,203 करोड़ रुपये के कर्ज के बदले मुझसे 14,100 करोड़ रुपये वसूले हैं, जबकि कई अन्य कर्जदारों ने अपने कर्ज का निपटारा नाममात्र की रकम देकर कर लिया है।

## भागवत के कार्यक्रम से पहले न्यूयार्क में बवाल

### आयोजक का एक्स अकाउंट सस्पेंड हिंदू संगठन सुरक्षा को लेकर चिंतित

● न्यूयॉर्क / आरएनएन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय को संबोधित करने से कुछ दिन पहले एक्स ने अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग (एएचईएडी फोरम) का अकाउंट सस्पेंड कर दिया है। यह उस अमेरिका में हुआ है, जो खुद को मानवाधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का चैंपियन बताता है।

### एक्स की ओर से कोई कारण नहीं बताया गया

बड़ी बात यह है कि इस सस्पेंशन को लेकर एक्स की ओर से कोई कारण नहीं बताया गया है। एएचईएडी फोरम 29 अगस्त को होने वाले इवेंट का आयोजन कर रहा है। इस इवेंट का नाम यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन (सार्वभौमिक एकता उत्सव) है, जिसमें भागवत मैडिसन स्क्वायर गार्डन के इन्फोसिस थिएटर में लोगों को संबोधित करेंगे।

# जेन-जी के जोश से चुनावी मैदान में 21 वर्षीय सानिया, दादा ने भी ठोकी निर्दलीय ताल

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक जहाजपुर।** नगर पालिका चुनाव को लेकर नामांकन के दौर में जहाजपुर की सियासत में एक दिलचस्प और चर्चित तस्वीर सामने आई है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए जेन-जी (ल्ह्रह्ठ्) प्रोटेस्ट से प्रभावित होकर महज 21 वर्षीय सानिया ख़ानम ने चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया है। सानिया ने पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। इस नामांकन की खास बात यह रही कि सानिया के दादा एवं जहाजपुर पालिका में कांग्रेस के वरिष्ठ रहे पार्षद नजीर मोहम्मद ने भी वार्ड नंबर 16 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। वहीं, उनकी बुआ ने भी चुनावी मैदान में उतरते हुए नामांकन पत्र दाखिल किया। एक ही परिवार के अलग-अलग सदस्यों के अलग-अलग वार्डों से चुनाव मैदान में उतरने को लेकर शहर की राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।



**जेन-जी प्रोटेस्ट से प्रभावित होकर लिया चुनाव लड़ने का फैसला**

मीडिया से बातचीत में 21 वर्षीय सानिया ख़ानम ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए जेन-जी प्रोटेस्ट ने उन्हें काफी प्रभावित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव लड़ने का फैसला उनका खुद का निर्णय है और उनके दादा नजीर मोहम्मद उन्हें चुनाव लड़ने के लिए पूरा समर्थन दे रहे हैं। सानिया का कहना है कि युवाओं को भी राजनीति और जनप्रतिनिधित्व में आगे आना चाहिए। उनका चुनावी मैदान में उतरना जहाजपुर में युवा भागीदारी और बदलती राजनीतिक सोच की ओर संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

**आज सात उम्मीदवारों ने दाखिल किए आठ नामांकन**

नामांकन के दौरान भाजपा की ओर से राधेश्याम बारेठ ने वार्ड नंबर 18 से नामांकन दाखिल किया। वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में अरविंद भुवालिया ने वार्ड नंबर 7, गीता ने वार्ड नंबर 13 और भंवर बंडेला ने वार्ड नंबर 14 से नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान आज कुल सात उम्मीदवारों ने आठ नामांकन पत्र दाखिल किए। इनमें सबसे कम उम्र की उम्मीदवार 21 वर्षीय सानिया ख़ानम रहीं।

**कांग्रेस से आज नहीं आया कोई नामांकन**

नामांकन के इस दौर में कांग्रेस पार्टी की ओर से आज एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। इससे नगर पालिका चुनाव को लेकर कांग्रेस की तैयारियों और रणनीति को लेकर भी राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। वहीं, सानिया ख़ानम के वार्ड नंबर 6 से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरने और उनके दादा नजीर मोहम्मद के वार्ड नंबर 16 से निर्दलीय नामांकन दाखिल करने से दोनों वार्डों के चुनावी समीकरणों को लेकर भी नई चर्चाओं ने जन्म ले लिया है। जहाजपुर के इस चुनाव में अब युवा जोश, पारिवारिक सियासी विरासत और निर्दलीय दावेदारी–तीनों का दिलचस्प संगम देखने को मिल रहा है।

# शाहपुरा में चुनावी रणभेरी: नामांकन के पहले दिन ही 9 प्रत्याशियों ने भरे पर्चे

### नगर पालिका के 35 वार्डों में चुनावी सरगर्मी तेज, 23,438 मतदाता करेंगे मतदान; 31 अगस्त तक होंगे नामांकन

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** नगर पालिका शाहपुरा के आम चुनाव को लेकर बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। नामांकन के पहले ही दिन चुनावी मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों ने उत्साह दिखाते हुए कुल 9 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए। इसके साथ ही शाहपुरा में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं और राजनीतिक दलों एवं संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता बढ़ गई है। रिटर्निंग अधिकारी एवं शाहपुरा उपखण्ड अधिकारी बनवारी लाल सिनसिनवार ने बताया कि नगर पालिका शाहपुरा में कुल 35 वार्ड हैं। आम चुनाव में कुल 23,438 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 11,544 पुरुष, 11,893 महिला तथा एक ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से कराया जाएगा। शाहपुरा नगर पालिका के लिए मतदान दूसरे चरण में 11 सितंबर को होगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई है। 28 अगस्त को रक्षाबंधन तथा 30 अगस्त को रविवार होने के कारण इन दोनों दिनों में नामांकन दाखिल नहीं किए जाएंगे। वहीं 29 अगस्त और 31 अगस्त को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे। पहले ही दिन 9 नामांकन पत्र प्राप्त होने से माना जा रहा है कि आगामी दिनों में नामांकन को लेकर शाहपुरा में राजनीतिक गतिविधियां और तेज होंगी।

# रायपुर में आवारा सांड से ग्रामीण परेशान, पंचायत प्रशासन से कार्रवाई की मांग



स्मार्ट हलचल

**किशन खटीक/ रायपुर** रायपुर ग्राम के वर्तमान वार्ड 14 एवं 17 क्षेत्र में घूम रहे आवारा सांड से ग्रामीणों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सांड आए दिन गलियों, बाजार एवं सार्वजनिक स्थानों पर घूमता रहता है, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। कई बार यह सांड राहगीरों एवं दोपहिया वाहन चालकों पर हमला करने का प्रयास भी कर चुका है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन से मांग की है कि आवारा सांड को तत्काल गांव से बाहर निकाला जाए अथवा उसे नंदीशाला में छोड़ा जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है और ऐसा प्रतीत होता है कि संबंधित अधिकारी किसी अप्रिय घटना का इंतजार कर रहे हैं। यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी दिन जनहानि या गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे पंचायत एवं प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# बरूंदनी में रेलवे पुलिया के नीचे जलभराव से ग्रामीण परेशान, स्थायी समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**आकोला** / बरूंदनी ग्राम वासियों के लिए बडलियास की तरफ जाने वाले रेलवे पुलिया के नीचे बरसों से भरा पानी भारी मुसीबत बना हुआ है। इस जलभराव के कारण यहाँ से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी के कारण आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। सांसद और विधायक को सौंप चुके हैं ज्ञापन ग्रामीणों का कहना है कि इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान के लिए कई बार क्षेत्रीय सांसद दामोदर अग्रवाल और विधायक गोपाल खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपकर गुहार लगाई जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला गया है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों पर उदासीनता और इस समस्या में कोई रुचि न लेने का आरोप लगाया है। प्रशासन को उग्र आंदोलन की चेतावनी ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि आने वाले दिनों में रेलवे पुलिया के नीचे होने वाले इस जलभराव का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो क्षेत्र में उग्र आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार, आंदोलन के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति की समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ग्राम वासियों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द से जल्द इस समस्या का संज्ञान लेकर यहाँ पक्का और स्थायी समाधान करवाए



# भीलवाड़ा डेयरी की मिठास में नया स्वाद, 500 ग्राम पैक में काजू कतली लॉन्च

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / त्योहारों और मिठाइयों के सीजन को देखते हुए भीलवाड़ा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ ने उपभोक्ताओं के लिए 500 ग्राम पैक में काजू कतली बाजार में उतारी है। डेयरी ने 27 अगस्त 2026 को इस नई मिठाई का शुभारंभ किया। डेयरी प्रबंधन के अनुसार काजू कतली तैयार करने में गुणवत्ता, स्वाद और आकर्षक पैकेजिंग पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि उपभोक्ताओं को भरोसेमंद एवं गुणवत्तापूर्ण मिठाई उपलब्ध हो सके। आगामी त्योहारों और बढ़ती मांग को देखते हुए इसे उपभोक्ताओं के लिए एक नया विकल्प बताया गया है। भीलवाड़ा डेयरी के प्रबंध संचालक त्रिभुवन पाटीदार ने बताया कि डेयरी समय-समय पर उपभोक्ताओं की पसंद और मांग के अनुरूप नए एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बाजार में उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में 500 ग्राम पैक में काजू कतली लॉन्च की गई है। उन्होंने कहा कि डेयरी का उद्देश्य केवल दुग्ध उत्पादों तक सीमित नहीं है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण मिठाइयों और अन्य खाद्य उत्पादों की श्रृंखला का विस्तार कर उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर बेहतर उत्पाद उपलब्ध कराना भी है।



# तिलस्वां महादेव में श्रावण मास के समापन पर धार्मिक अनुष्ठानों की पूर्णाहुति

### देश में सुख-शांति, अच्छी बारिश और क्षेत्र की समृद्धि की कामना को लेकर हुए शांति पाठ, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप व हवन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । जिले के बिजौलियां ऊपरमाल की पावन धरा पर विराजित प्रसिद्ध तिलस्वां महादेव मंदिर में श्री तिलस्वां महादेव मंदिर ट्रस्ट, तिलस्वा की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। ऊपरमाल किसान पंचायत एवं तिलस्वां महादेव मंदिर ट्रस्ट के सानिध्य में श्रावण मास के प्रथम दिन 30 जुलाई 2026 से शुरू हुए धार्मिक कार्यक्रमों की पूर्णाहुति श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ हुई। श्रावण मास के दौरान शांति पाठ, लघु रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप एवं अखंड रामायण पाठ सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्णाहुति अवसर पर गणपति स्थापना एवं पूजन, पूर्णाहुति मंडल हवन, महा रुद्र हवन, महामृत्युंजय हवन तथा सहस्त्रधारा अभिषेक की पूर्णाहुति विधि-विधान से संपन्न हुई। विभिन्न गोत्रों के विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान कराए गए। आयोजन का उद्देश्य देश में सुख-शांति, अमन-चैन एवं समृद्धि की कामना के साथ अच्छी वर्षा और फसलों के लहलहाने की प्रार्थना करना रहा। साथ ही क्षेत्र में पर्याप्त खनिज संपदा, क्षेत्रीय एवं प्रांतीय सुख-समृद्धि, आपसी भाईचारा एवं सौहार्द कायम रहने तथा किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा से देश-प्रदेश की रक्षा की कामना की गई। भगवान श्री श्री श्री 1008 श्री शंकर जी की असीम अनुकम्पा एवं इंद्र देवता को प्रसन्न करने की भावना से यह धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान तिलस्वां महादेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार, क्षेत्र तथा देश की सुख-शांति एवं खुशहाली की कामना की। पूर्णाहुति के दौरान मंदिर परिसर में मंत्रोच्चार और धार्मिक जयकारों से भक्तिमय वातावरण बना रहा। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ट्रस्ट की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गईं। मंदिर परिसर में ठहरने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं प्रसादी की व्यवस्था भी की गई, ताकि धार्मिक आयोजन में शामिल होने वाले भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। कार्यक्रम में तिलस्वां मंदिर के महंत एवं स्थायी प्रन्यासी पूर्णा शंकर पाराशर, ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश चंद्र अहीर, सचिव मांगीलाल धाकड़, आचार्य छीतर गोड़, फूलचंद कराड़, सुगनलाल धाकड़ सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्य, किसान पंचायत के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन के समापन पर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने धार्मिक अनुष्ठानों में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। अंत में श्रद्धालुओं ने ट्रस्ट की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए आयोजन के लिए आभार जताया।



# नाम तत्व का मर्म जान लिया तो भक्ति सार्थक : आचार्य रामदयालजी...

### बोले- दिखावे की नहीं, निष्काम भाव से की गई सेवा ही श्रेष्ठ

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / माणिक्यनगर रामद्वारा धाम में चल रहे 'विश्व शांति कल्याण' चातुर्मास के दैनिक सत्संग में अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगद्गुरु आचार्य स्वामी रामदयालजी महाराज ने नाम भक्ति की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि 'जीवन में जिसने नाम तत्व और उसके मर्म को जान लिया, उसकी भक्ति सार्थक हो जाती है।' राम नाम सुनना और लेना सौभाग्य है। भगवान की भक्ति में किसी बाहरी सहयोग की जरूरत नहीं, बल्कि अनन्य श्रद्धा और समर्पण जरूरी है। आचार्यश्री ने कहा कि सेवा में भी दिखावा नहीं, निष्काम भाव होना चाहिए। संसार में विरले ही ऐसे लोग हैं, जो नाम और फोटो की चाह के बिना भक्ति व सेवा में जुटे रहते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन का लक्ष्य तय कर नाम साधना को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संसार के काम कितने भी कर लिए जाएं, भगवान का भजन नहीं किया तो सब निष्फल है। व्यर्थ की चिंता छोड़कर नाम साधना में मन लगाना चाहिए। इससे पूर्व संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस पर प्रवचन दिया। प्रवचन के बाद श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री की आरती की। सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। चातुर्मास के तहत रक्षा बंधन पर शुक्रवार सुबह 9 से 10 बजे तक विशेष प्रवचन होंगे।





### थल सेना अध्यक्ष जनरल धीरज सेठ एवं महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा की मुलाकात

# अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सैन्य पुलिस सहयोग पर हुई विस्तृत चर्चा...



स्मार्ट हलचल

जयपुर, 27 अगस्त। भारतीय थल सेना अध्यक्ष जनरल धीरज सेठ ने गुरूवार को जयपुर प्रवास के दौरान महानिदेशक पुलिस, राजस्थान श्री राजीव कुमार शर्मा से उनके निवास पर मुलाकात की। श्री शर्मा ने सेना अध्यक्ष जनरल धीरज सेठ का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा राजस्थान पुलिस की विभिन्न ईकाईयों के 'प्रतीक चिन्हों' से युक्त स्मृति चिन्ह सेना अध्यक्ष को भेंट किया। जनरल सेठ ने भी श्री शर्मा को सैन्य स्मृति चिन्ह भेंट कर पारस्परिक सम्मान एवं सौहार्द का संदेश दिया। थल सेना अध्यक्ष एवं पुलिस महानिदेशक, राजस्थान के बीच विस्तृत चर्चा के दौरान राजस्थान में अन्तर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा, आन्तरिक सुरक्षा से जुडे मुद्दों, आसूचना के परस्पर आदान-प्रदान, संवेदनशील परिस्थितियों में सेना एवं पुलिस के मध्य बेहतर समन्वय इत्यादि पर विस्तार से चर्चा हुई। दोनों अधिकारीगणों ने सुरक्षा चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आपसी संवाद, संयुक्त क्षेत्रीय निगरानी तंत्र एवं आसूचना के नियमित आदान-प्रदान को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्राकृतिक आपदा की परिस्थिति में राज्य आपदा प्रतिसाद बल के साथ सेना के सहयोग पर भी चर्चा हुई। विगत सेना भर्ती जो निर्बाध रूप से आयोजित हुई उसमें पुलिस का सहयोग उत्कृष्ट सैन्य नागरिक प्रशासन के समन्वय का उदाहरण बना। साथ ही, प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्द्धन को लेकर भविष्य में बेहतर तालमेल बनाने पर सहमति बनी।

# कानपुर में विमान क्रैश में ट्रेनी समेत पायलट की मौत



स्मार्ट हलचल

कानपुर / यहांएक ट्रेनिंग विमान केगिर जाने सेपायलट और ट्रेनिंग की मौत हो गईयह घटनागंगा गंगा बैराज के निकट हुई। जानकारी के मुताबिक विमान ने आज गुरुवार सुबह 11:30 बजे उड़ान भरी थी। इसके लगभग 20 मिनट बाद ही वह 11:50 बजे गंगा बैराज के पास 5 फीट ऊंची बाउंड्री वॉल से टकराकर खेत में जा गिरा। इस हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विमान करीब 200-250 फीट ऊपर था। तभी अचानक हवा में डगमगाया और क्षतिग्रस्त हो गया। नीचे गिरते ही पूरा विमान टूटकर बिखर गया। पुर्जे दूर तक बिखर गए। हालांकि, विमान में आग नहीं लगी। इस दौरान हादसे से जुड़े वीडियो सामने आए हैं। इनमें दिख रहा है कि जमीन में गिरने के बाद विमान मलबे में तब्दील हो गया। इस ट्रेनी विमान में एक पायलट कॉकपिट के पास फंसा था। दूसरा। जबकि दूसरा गंभीर हालत में विमान से थोड़ी दूर खून से लथपथ पड़ा था। मौके पर विमान की एक सीट भी टूटकर बाहर आ गई। करीब 12:15 बजे पुलिस-प्रशासन की टीम पहुंची। मौके पर पहुंचे अधिकारियों के मुताबिक खून से लथपथ पायलट गुजरात के सचिन भाटिया और कर्नाटक के ट्रेनी अभिषेक पुजारी को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक मृत्यु की स्पष्ट वजह । के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। साथ ही घटना की जांच की भी बात कही गई है।

# रक्षाबंधन पर भीलवाड़ा पुलिस ने मनाया 'रक्षा वचन' अभियान, महिलाओं-बालिकाओं के साथ मजबूत किया विश्वास

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं में पुलिस के प्रति सुरक्षा और विश्वास की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से भीलवाड़ा पुलिस की ओर से रक्षाबंधन पर्व पर 'रक्षा वचन' अभियान आयोजित किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा आईपीएस के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न पुलिस कार्यालयों, थानों एवं पुलिस लाइन में रक्षाबंधन का पर्व विशेष रूप से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं, बालिकाओं, सहायता समूहों, सामाजिक संस्थाओं, महिला संगठनों एवं विद्यालयों की छात्राओं की सहभागिता रही। अभियान के तहत महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुरक्षा सखी, महिला यूथ सीएलजी सदस्यों, शहीद पुलिसकर्मियों की पत्नी एवं माताओं, कामकाजी महिलाओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न वर्गों की महिलाओं से राखी बंधवाई।

**पुलिस और आमजन के बीच विश्वास बढ़ाने का प्रयास**

'रक्षा वचन' अभियान का उद्देश्य पुलिस एवं आमजन के बीच बेहतर समन्वय, विश्वास और आत्मीयता स्थापित करना तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाना रहा। रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस ने महिलाओं के साथ संवाद और सहयोग को मजबूत करने का संदेश दिया। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महिलाओं की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से पुलिस-जन संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया।यह आयोजन जिले के विभिन्न पुलिस कार्यालयों एवं थानों में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर आयोजित किया गया।

# 23 साल से फरार 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार, 2500 किलो डोडाचूरा तस्करी मामले में था वांछित

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । पुलिस थाना प्रतापनगर में दर्ज 23 वर्ष पुराने मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को साइबर सेल भीलवाड़ा की मदद से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी वर्ष 2003 में 2500 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा से भरे लावारिस ट्रक मिलने के मामले में वांछित था। जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा आईपीएस के निर्देश पर वांछित आरोपियों की धरपकड़ के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय राजेश आर्य के निर्देशन तथा पुलिस उप अधीक्षक शहर सज्जन सिंह के सुपरविजन में थाना प्रतापनगर पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई थी। पुलिस के अनुसार 10 जून 2003 को थाना प्रतापनगर क्षेत्र में 2500 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा से भरा एक ट्रक लावारिस हालत में खड़ा मिला था। इस संबंध में पुलिस थाना प्रतापनगर में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। मामले में आरोपी देवाराम विश्नोई लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने तकनीकी एवं साइबर माध्यम से आरोपी की तलाश करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान देवाराम विश्नोई पुत्र मानाराम विश्नोई निवासी झोलियाली, थाना झांवर, जिला जोधपुर के रूप में हुई है। आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। कार्रवाई में थाना प्रतापनगर के थानाधिकारी सुनील ताडा, साइबर सेल के सहायक उपनिरीक्षक आशीष कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल दीपक जांगिड़, चन्द्रपाल सिंह, किशोर सिंह तथा कांस्टेबल पिन्टू कुमार शामिल रहे।

# ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर रायपुर में निकला भव्य जुलूस, अमन-चैन और भाईचारे का दिया संदेश- ज्ञानचंद खटीक

## डा. भीमराव अम्बेडकर युवा संगठन एवं दलित घुमंतू अधिकार मंच के पदाधिकारियों ने जुलूस में शामिल होकर दी मुबारकबाद

स्मार्ट हलचल

**रायपुर** पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस की याद में मनाए जाने वाले ईद-ए-मिलाद-उन-नबी (मौलिद) के अवसर पर रायपुर कस्बे में मुस्लिम समाज क ी ओर से भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। हाथों में धार्मिक झंडे लिए लोग उत्साह के साथ जुलूस में आगे बढ़े। इस दौरान पूरे कस्बे में धार्मिक उत्साह के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का माहौल देखने को मिला। जुलूस में डा. भीमराव अम्बेडकर युवा संगठन संस्था रायपुर एवं दलित घुमंतू अधिकार मंच राजस्थान की ओर से ज्ञानचंद खटीक अध्यक्ष डा भीमराव अम्बेडकर युवा संगठन रायपुर, पुनम नाथ सपेरा प्रदेश अध्यक्ष दलित घुमंतू



अधिकार मंच राजस्थान,राजू भील कोशिथल, मुकेश बलाई,रोशन बैरवा,विनोल कुमार हरीजन,लाडुनाथ कालबेलिया,अनाड नाथ कालबेलिया,रामदेव सपेरा एवं नारायण रेगर बोराणा सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी की मुबारकबाद देते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर दरगाह अंजुमन कमेटी रायपुर के सदर वसीम अकरम पठान, पूर्व सदर हारून मोहम्मद छीपा, पूर्व सदर जमिल खां पठान, बाबू भाई मंसुरी एवं चांद खां पठान ,इरफान मंसुरी,इमरान पठान (बबलु)सहित समाज के अन्य प्रमुख लोगों की दस्तारबंदी की गई। उन्हें माला पहनाकर एवं केले वितरित कर सम्मान और मुबारकबाद दी गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं और देश में अमन-चैन तथा खुशहाली की दुआ मांगी।

**पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जीवन और संदेश को किया याद**

ईद-ए-मिलाद-उन-नबी इस्लाम धर्म में पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म की याद से जुड़ा अवसर है। इस दिन मुस्लिम समाज के लोग उनके जीवन, शिक्षाओं और मानवता के लिए दिए गए संदेशों को याद करते हैं। परंपरागत इस्लामी विवरणों के अनुसार हजरत मोहम्मद साहब का जन्म मक्का में लगभग 570 ईस्वी में हुआ था। उनका पूरा नाम मोहम्मद इब्न अब्दुल्लाह बताया जाता है। इस्लामी परंपरा में उन्हें अल्लाह का अंतिम पैगम्बर माना जाता है। उनके जीवन का बड़ा हिस्सा लोगों को एकेश्वरवाद, इंसाफ, दया, ईमानदारी, जरूरतमंदों की मदद, पड़ोसियों के अधिकार और मानवता के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देने में बीता। उनके संदेशों में समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार तथा आपसी भाईचारे पर विशेष जोर दिया गया। हजरत मोहम्मद साहब के जीवन से जुड़े प्रसंगों में सत्य, क्षमा, धैर्य, करुणा और न्याय को महत्वपूर्ण माना जाता है। उनके अनुयायी उनके जीवन और शिक्षाओं को अपने धार्मिक एवं सामाजिक जीवन में मार्गदर्शक मानते हैं। ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के अवसर पर कई स्थानों पर जुलूस, धार्मिक कार्यक्रम, नात, तकरीर और जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हालांकि इस अवसर को मनाने की तारीख और तौर-तरीकों को लेकर मुस्लिम समुदाय की विभिन्न परंपराएं भी हैं। सुन्नी परंपरा में आम तौर पर 12 रबी-उल-अव्वल को पैगम्बर मोहम्मद साहब की पैदाइश से जोड़ा जाता है।

**रायपुर में दिखा सामाजिक सद्भाव**

रायपुर में निकले जुलूस के दौरान सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे की तस्वीर भी देखने को मिली। अलग-अलग सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने जुलूस में शामिल होकर मुस्लिम समाज को शुभकामनाएं दीं। ज्ञानचंद खटीक सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि धार्मिक पर्व केवल धार्मिक आस्था से जुड़े अवसर ही नहीं होते, बल्कि इनके माध्यम से समाज में प्रेम, भाईचारे और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना को भी मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान विभिन्न धर्मों, समुदायों और संस्कृतियों के साथ मिल-जुलकर रहने की रही है। सभी समुदायों को एक-दूसरे के धार्मिक आयोजनों का सम्मान करते हुए शांति, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

**अमन-चैन की मांगी दुआ**

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश और प्रदेश में शांति, खुशहाली एवं आपसी भाईचारे की कामना की। लोगों ने कहा कि समाज में नफरत और भेदभाव की जगह प्रेम, इंसानियत और सद्भाव को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। जुलूस में मुस्लिम समाज के साथ सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य लोग भी मौजूद रहे। ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के इस अवसर पर रायपुर में आयोजित कार्यक्रम ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक भाईचारे और आपसी सम्मान का संदेश दिया। जुलूस के दौरान लोगों में उत्साह दिखाई दिया और पूरे आयोजन में अमन-चैन की दुआ के साथ एक-दूसरे को मुबारकबाद देने का सिलसिला चलता रहा।

# पुष्कर के होटल से 1.08 करोड़ की नकदी बरामद



## नोटों की गिनती के लिए बैंक कर्मचारी बुलाए गए, होटल मालिक गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर (अजमेर)** अजमेर के पुष्कर में एक होटल से 1.08 करोड़ की नकदी मिली है। काउंटिंग के लिए बैंककर्मियों को बुलाया गया। पुष्कर पुलिस चुनाव आचार संहिता के तहत होटल स्पैरो में चेकिंग करने पहुंची तो होटल मालिक के कमरे में बेड पर थैली में रुपए रखे हुए थे। पुलिस ने 1.08 करोड़ रुपए जब्त कर होटल मालिक बंकेश सेन को गिरफ्तार कर लिया। मामला एसडीएम ऑफिस के सामने स्थित होटल स्पैरो का गुरुवार दोपहर 3:30 बजे का है। पुलिस ने करीब तीन घंटे तक सर्च अभियान चलाया। वहीं होटल मालिक बंकेश सेन से का कहना है कि उन्होंने पुष्कर के बाहर किसी जमीन का सौदा किया था, ये नकदी वहां से आई थी। एसएचओ अशोक बिशु ने बताया- एसडीएम ऑफिस के सामने स्थित होटल स्पैरो में गुरुवार दोपहर करीब 3:30 बजे चेकिंग की गई। होटल में बेसमेंट और दो फ्लोर है, जिनमें 7 कमरे बने हुए है। बेसमेंट में दो कमरे हैं, जहां होटल मालिक और उसका परिवार रहता है। एसएचओ ने बताया- गुरुवार को होटल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, इस दौरान सीओ ग्रामीण सत्येंद्र नेगी भी पुलिस जाप्ते के मौजूद थे। पुलिस टीम ने होटल के अलग-अलग हिस्सों की जांच की।

# ढाई माह तक चक्कर, कोर्ट के आदेश पर खुली पुलिस की फाइल; 2.52 लाख की साइबर ठगी का मामला दर्ज

## युवक और उसकी मां के खातों से रकम उड़ाने का आरोप, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो न्यायालय की शरण

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा/ बिजोलिया** साइबर ठगी के एक मामले में पुलिस की कार्रवाई करीब ढाई माह बाद न्यायालय के आदेश पर शुरू हुई। बिजोलिया निवासी युवक और उसकी मां के बैंक खातों से कथित तौर पर कुल 2 लाख 52 हजार 943 रुपए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए निकाल लिए गए। पीड़ित की ओर से शिकायत और कार्रवाई के प्रयास के बावजूद मामला दर्ज नहीं होने पर आखिरकार उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में अब बैंक खातों से लेकर डिजिटल लेनदेन तक की कड़ियां खंगाली जा रही हैं।



**रातों-रात खातों से निकल गई रकम**

पुलिस के अनुसार बिजोलिया निवासी रमेश खटीक ने न्यायालय में परिवाद पेश कर बताया कि 27 मई की रात उसके बैंक खाते में कई संदिग्ध ट्रांजेक्शन हुए। खाते की जानकारी लेने पर पता चला कि अलग-अलग ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से उसके खाते से 2 लाख 45 हजार 943 रुपए निकाल लिए गए।

पीड़ित का आरोप है कि साइबर ठगों ने उसकी माता काली देवी खटीक के बैंक खाते को भी निशाना बनाया और वहां से 7 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। इस तरह दोनों खातों से कुल 2,52,943 रुपए की राशि निकलने का आरोप है।

**शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, कोर्ट पहुंचा पीड़ित**

रमेश के मुताबिक घटना के बाद उसने पुलिस से शिकायत कर रकम वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, लेकिन मामला दर्ज नहीं होने पर उसे न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने अब संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है।

**अब बैंक खातों और डिजिटल ट्रेल की जांच**

पुलिस जांच में अब कथित ठगी की रकम किन खातों में पहुंची, किस माध्यम से ट्रांसफर हुई और उसके बाद रकम कहां गई—इन सभी बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है। यूआईडी/यूपीआई ट्रांजेक्शन, बैंक खातों, लाभार्थी खातों और डिजिटल लेनदेन से जुड़े तकनीकी रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

पीड़ित ने ठगी गई राशि की बरामदगी के साथ संदिग्ध बैंक खातों को फ्रीज कराने तथा आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अब पुलिस के सामने चुनौती है कि डिजिटल लेनदेन की कड़ियां जोड़कर कथित साइबर ठगों तक कैसे पहुंचा जाए और पीड़ित की रकम की बरामदगी कैसे कराई जाए।

### कोटा में 77 गर्भवतियों में 'हाईरिस्क' प्रेगनेंसी की हुई पहचान

# एनीमिया की शिकायतें आई सामने, गंभीर पीड़ितों को लगे एफसीएम इंजेक्शन

**कोटा** गर्भावस्था के दौरान जरा सी लापरवाही मां और बच्चे दोनों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। कोटा में पिछले दिनों डिलीवरी के दौरान महिलाओं की मौत के बाद चिकित्सा विभाग ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क की पहचान का अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत कोटा जिले में 77 गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान की गई है। ऐसे में इन महिलाओं में जो समस्याएं सामने आ रही थी, उससे संबधित इलाज किया गया और किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. नरेंद्र नागर ने बताया कि अभियान के दौरान 1,060 से ज्यादा गर्भवतियों की सघन प्रसव पूर्व (एएनसी) जांचें पूरी तरह निशुल्क की गईं। इस दौरान ज्यादातर मामले एनीमिया के सामने आए। खून की कमी से जूझ रही 797 महिलाओं को आईएफए की गोलियां और 72 को आयरन सुक्रोज दिया गया। वहीं, गंभीर रूप से एनीमिक महिलाओं को तुरंत राहत के लिए एफसीएम (फैरिक कार्बोक्सीमाल्टोज) के इंजेक्शन लगाए गए। 579 महिलाओं में गर्भस्थ शिशु की धड़कन (फीटल हार्ट रेट) जांच की गई। मौके पर 3 सोनोग्राफी के अलावा अन्य गर्भवतियों को निशुल्क जांच के लिए मां वाउचर कूपन सौंपे गए। 1,062 गर्भवतियों के बीपी, 903 के तापमान और 1,056 महिलाओं के हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर व यूरीन की निःशुल्क जांच की गई।

### रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर भीलवाड़ा में उमड़ा राखियों का सैलाब, बाजारों में खरीदारी का जोर

# भद्रा का साया नहीं, दिनभर शुभ मुहूर्त; राखी से लेकर मिठाइयों तक बाजार गुलजार, ट्रैफिक संभालने में जुटा प्रशासन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा /** भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन कल पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व से एक दिन पहले गुरुवार को ही वस्त्रनगरी के बाजारों में त्योहारी रंग पूरी तरह चढ़ गया। गोल प्याऊ चौराहा, सूचना केंद्र, रेलवे स्टेशन रोड, सांगानेरी गेट और आजाद चौक सहित प्रमुख बाजारों में देर शाम तक खरीदारों की भीड़ उमड़ती रही। दुकानों के बाहर सजे अस्थायी राखी स्टॉल और रंग-बिरंगी सजावट ने बाजारों को खासा आकर्षक बना दिया।

**राखियों की रंग-बिरंगी दुनिया, बच्चों की पसंद अलग:-**

इस बार बाजार में पारंपरिक राखियों के साथ नए डिजाइन और आधुनिक रंग-रूप वाली राखियों की भी जमकर मांग है। रेशमी धागे, जरदोजी, चंदन और मोती वाली राखियां ग्राहकों को खूब भा रही हैं। वहीं बच्चों के लिए लाइटिंग वाली राखियां और कार्टून कैरेक्टर आधारित राखियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। दुकानदारों के मुताबिक बच्चों में छोटा भीम, रेमन और एवेंजर्स जैसी थीम वाली



राखियों को लेकर खास उत्साह है। वहीं पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता का असर भी बाजार में दिखाई दे रहा है। इको-फ्रेंडली राखियों और बीज वाली राखियों को भी ग्राहक पसंद कर रहे हैं। इन राखियों को पर्व के बाद मिट्टी में लगाने पर पौधा उगाने का संदेश दिया जा रहा है।

**राखी के साथ नारियल की बंपर बिक्री:-**

रक्षाबंधन पर बहनों द्वारा भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के साथ नारियल देने की परंपरा के चलते नारियल की बिक्री भी तेज हो गई है। बाजारों में नारियल के अलग-अलग आकार और गुणवत्ता के ढेर नजर आ रहे हैं। दुकानदारों ने मांग को देखते हुए पर्याप्त स्टॉक जुटाया है।

**मिठाई की दुकानों पर सुबह से भीड़**

राखी बांधने के बाद भाई-बहन का मुंह मीठा कराने की परंपरा ने मिठाई कारोबार को भी रफ्तार दे दी है। शहर की प्रमुख मिठाई दुकानों पर सुबह से ही ग्राहकों की कतारें नजर आईं। पेड़ा, मावा मिठाइयां, काजू कतली सहित विभिन्न विशेष वैरायटी की मिठाइयों की बिक्री तेज रही। ग्राहकों की बढ़ती मांग को देखते हुए मिठाई कारोबारियों ने अतिरिक्त कारीगर लगाए हैं। शुद्धता, गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के साथ मिठाइयों की पैकिंग भी आकर्षक तरीके से की जा रही है। कई दुकानों पर राखी के लिए विशेष गिफ्ट पैक भी तैयार किए गए हैं।

### भद्रा नहीं, दिनभर शुभ मुहूर्त

पंडितों के अनुसार इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं होने के कारण बहनों को राखी बांधने के लिए दिनभर शुभ अवसर उपलब्ध रहेगा। इससे पर्व को लेकर लोगों में खास उत्साह है। बहनें भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनके सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करेंगी, वहीं भाई बहनों को उपहार भेंट कर जीवनभर उनकी रक्षा का संकल्प दोहराएंगे।

### बाजारों की भीड़ ने बढ़ाई प्रशासन की चुनौती

त्योहारी खरीदारी के चलते बाजारों में बढ़ी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस भी सतर्क है। मुख्य बाजारों में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए चारपहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध और डायवर्जन की व्यवस्था की गई है। प्रमुख बाजार क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। पुलिस का फोकस:- भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात नियंत्रण के साथ महिलाओं, बच्चों और खरीदारी के लिए आने वाले लोगों की सुरक्षा पर रहेगा।

**भाई की कलाई पर सजेगा प्यार का धागा**

रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर भीलवाड़ा के बाजारों की तस्वीर साफ बता रही है कि पर्व को लेकर लोगों में उत्साह चरम पर है। कहीं बहन भाई के लिए पसंदीदा राखी चुनती नजर आई तो कहीं भाई बहन के लिए उपहार खरीदते दिखे। बाजारों में उमड़ी भीड़ ने कारोबारियों के चेहरों पर भी रौनक ला दी है। कल जब बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधेंगी तो यह सिर्फ एक धागा नहीं, बल्कि स्नेह, विश्वास, जिम्मेदारी और जीवनभर साथ निभाने के वचन का प्रतीक बनेगा। रक्षाबंधन को लेकर पूरे शहर में उत्सव और खुशियों का माहौल है।

### पुष्कर में नोटों का 'खेल'

# होटल में दबिश... बंकेश सैन के पास से 1 करोड़ 8 लाख कैश बरामद

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर** चुनावी आचार संहिता के बीच पुष्कर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई ने सनसनी फैला दी। होटल में दबिश के दौरान पुलिस ने बंकेश सैन के पास से 1 करोड़ 8 लाख रुपये की नकदी बरामद की। भारी रकम मिलने के बाद पुलिस ने बंकेश सैन को गिरफ्तार कर लिया। करोड़ों की नकदी सामने आते ही सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो गया–आखिर इतना कैश आया कहां से और होटल तक पहुंचने की वजह क्या थी? पुलिस अब रकम के स्रोत और पूरे मामले की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

**चुनावी माहौल में करोड़ों का कैश!**

आचार संहिता के दौरान हुई इस बड़ी बरामदगी ने पुष्कर के चुनावी माहौल में चर्चाओं को और गर्म कर दिया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बरामद नकदी का चुनावी गतिविधियों से कोई संबंध है या नहीं। पुष्कर थानाधिकारी अशोक बिस्सु ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि बंकेश सैन के कब्जे से 1 करोड़ 8 लाख रुपये बरामद कर उसे गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# 'ऑपरेशन नकेल' का बड़ा धमाका: चूरू में 26 लाख रुपये की अवैध शराब बरामद, 3 तस्कर गिरफ्तार

## थानाधिकारी राजेश सिहाग के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हाईवे पर नाकाबंदी कर ध्वस्त किया तस्करी का नेटवर्क

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर /** जिला पुलिस अधीक्षक निश्चल प्रसाद (आईपीएस) के निर्देशन में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन नकेल' के तहत चूरू डीएसटी और राजगढ़ पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के बड़े नेटवर्क पर करारी चोट की है। पुलिस टीम ने नेशनल हाईवे 52 पर लसेड़ी टोल प्लाजा के पास सख्त नाकाबंदी कर तीन गाड़ियों से 26 लाख रुपये की चंडीगढ़ एवं हरियाणा निर्मित अवैध शराब जब्त की है।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रिछपाल सिंह चारण और सहायक पुलिस अधीक्षक अभिजीत पाटिल के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश सिहाग के नेतृत्व में यह सफल कार्रवाई की गई।

पुलिस की कार्रवाई के दौरान पहली गाड़ी (बोलेरो) से हरियाणा निर्मित शराब के 25 कार्टन जब्त कर संत कुमार उर्फ कालू को गिरफ्तार किया गया, जिसकी कीमत करीब 1 लाख रुपये है। दूसरी कार्रवाई में क्रेटा कार से 65 कार्टन (3120 पव्वे) बरामद कर मनोहर लाल (निवासी जालोर) को पकड़ा गया, जिसकी कीमत 10 लाख रुपये है। तीसरी कार्रवाई में ब्रेजा कार से 77 कार्टन (3696 पव्वे) जब्त कर मनोहर लाल (निवासी जालोर) को गिरफ्तार किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये है।

पुलिस सप्लायर और खरीदार के नेटवर्क को खंगालने के लिए आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।

# शिवालय में गंगाजल से सहस्त्रधारा महाअभिषेक कराया

## पर्याप्त वर्षा की कामना को लेकर दुदाधारी गोपाल मंदिर में झुलनोत्सव मनाया

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** गोपाल मित्र मंडल भीलवाड़ा के तत्वाधान पर्याप्त बारिश और शहर में शांति, सुख समृद्धि को लेकर शिवपवित्रारोपण तिथि क्षके अवसर पर श्रावण शुक्ल त्रयोदशी को पहली बार गंगाजल के पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का सहस्त्र धारा महाअभिषेक कराया गया मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि पंडित कल्याण शर्मा,नरेश शर्मा, तेज प्रकाश के नेतृत्व में गंगाजल से भरे पांच हजार लीटर के टैंकर द्वारा सहस्त्र धारा अभिषेक सांगानेरी गेट स्थित दूधाधारी गोपाल मंदिर में आयोजन किया गया गंगाजल में




गुलाब जल और केसर मिलाई गई दोपहर 4 बजे से 7 तक पंडितों के द्वारा विधि विधान पूर्वक मंत्रोपचार के बीच सहस्त्र धारा महाअभिषेक में क्षेत्र के विभिन्न कॉलोनीयों के भक्तों द्वारा भोलेनाथ का अभिषेक किया इस अवसर पर साय कालीन वेला में भजन संध्या का आयोजन भी रहा एवं विभिन्न 56 पकवानों से दूधाधारी गोपाल जी महाराज की झांकी सजाई गई इस अवसर पर जगदीश चंद्र चेचानी, अशोक हिंगड़, महावीर समदानी, मनोज दरक, लोकेश समदानी, कैलाश चंद देवपुरा ,शंकर सोमानी, शरद हुरकट परिवार अभिषेक पोशाक धोती कुर्ता एवं महिलाएं लहरीये में उपस्थित थी

### अजमेर में घर से बिना बताए निकली युवती

# तलाश करने के बाद भी नहीं चला पता, परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट कराई दर्ज

स्मार्ट हलचल

**अजमेर** अजमेर शहर के एक थाना क्षेत्र में एक युवती के घर से बिना बताए निकलने के बाद लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने आसपास और परिचितों के बीच तलाश की, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस को सूचना देकर गुमशुदगी दर्ज कराई गई। परिजनों के अनुसार युवती 25 अगस्त की रात घर से बिना बताए निकल गई थी। रात में घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। आसपास के लोगों और गांव में पूछताछ करने के साथ संभावित स्थानों पर भी तलाश की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। काफी तलाश के बाद भी युवती का पता नहीं चलने पर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।



# निकाय चुनाव का रण शुरू: पहले दिन निर्दलीयों ने ठोकी ताल, भाजपा-कांग्रेस में टिकट की 'टिकटिकी' तेज

## बगावत के साये में टिकटों का गणित, निष्ठावान कार्यकर्ता पूछ रहे 'पार्टी के लिए खड़े रहे तो आखिर मिला क्या

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । राजस्थान के 309 नगरीय निकायों के 10,245 वार्डों में निकाय चुनाव का सियासी रण गुरुवार से नामांकन के साथ शुरू हो गया। नामांकन की शुरुआत के साथ ही चुनावी तस्वीर का पहला रंग भी सामने आ गया—पार्टी के झंडे अभी शांत हैं, लेकिन निर्दलीयों ने मैदान में उतरकर ताल ठोक दी है। भाजपा और कांग्रेस ने अधिकांश वार्डों में अभी प्रत्याशियों के नाम घोषित नहीं किए हैं। ऐसे में टिकट के दावेदार पार्टी कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं और नेताओं के दरवाजे खटखटा रहे हैं। दूसरी ओर, टिकट नहीं मिलने की आशंका वाले कई चेहरे पहले ही निर्दलीय मैदान में उतरने की रणनीति बनाने लगे हैं।

**पांच दिन का नामांकन, लेकिन हाथ में सिर्फ तीन दिन—क्यों?**

नामांकन के लिए कागज पर पांच दिन का समय है, लेकिन व्यवहार में उम्मीदवारों को महज तीन दिन ही मिलेंगे। 28 अगस्त को रक्षाबंधन और 30 अगस्त को रविवार होने के कारण 27, 29 और 31 अगस्त को ही नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। यानी



भाजपा-कांग्रेस के सामने टिकट वितरण और संभावित बगावत को साधने के लिए समय बेहद कम है। 'एक टिकट से कितने चेहरे नाराज होंगे और नाराज चेहरों में से कितने बागी बनेंगे?' यही सवाल दोनों दलों के रणनीतिकारों के सामने सबसे बड़ा है।

**भाजपा-कांग्रेस के दफ्तर बने 'सियासी अड्डे'**

टिकट वितरण को लेकर दोनों प्रमुख दलों में लॉबिंग तेज है। दावेदार अपने-अपने राजनीतिक आकाओं, स्थानीय नेताओं और संगठन के प्रभावशाली पदाधिकारियों की शरण में पहुंच रहे हैं। किस वार्ड में कौन मजबूत है? किसके पीछे संगठन की ताकत है? कौन जीताऊ चेहरा है? और कौन सिर्फ सिफारिश के दम पर टिकट मांग रहा है? इन सवालों पर बंद कमरों में मंथन चल रहा है। प्रदेशभर में करीब एक लाख दावेदारों द्वारा आवेदन किए जाने के दावों के बीच टिकट वितरण किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। एक वार्ड, कई दावेदार और टिकट सिर्फ एक—तो बाकी दावेदार जाएंगे कहां?

**टिकट से ज्यादा डर 'बगावत' का**

निकाय चुनाव में असली सियासत टिकट घोषित होने के बाद शुरू होगी। भाजपा और कांग्रेस के सामने सबसे बड़ा खतरा विपक्ष नहीं, बल्कि अपने ही घर से निकलने वाला बागी उम्मीदवार बन सकता है। स्थानीय चुनावों में एक मजबूत निर्दलीय प्रत्याशी पूरे वार्ड का समीकरण पलटने की क्षमता रखता है। कई वार्डों में जीत-हार का अंतर कुछ दर्जन वोटों तक सिमट जाता है। ऐसे में टिकट कटने के बाद नाराज दावेदार का निर्दलीय मैदान में उतरना अधिकृत प्रत्याशी के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है।

**'टिकट एक को मिलेगा, लेकिन क्या बाकी चेहरे पार्टी के साथ खड़े रहेंगे?'**

'निष्ठावान कार्यकर्ता का नंबर कब आएगा?' सत्तारूढ़ दल से जुड़े कार्यकर्ताओं में टिकट वितरण को लेकर अंदरखाने बेचैनी दिखाई दे रही है। वर्षों से संगठन के साथ खड़े कार्यकर्ताओं का सवाल है— 'पार्टी के लिए झंडा उठाते रहे, बूथ संभालते रहे, हर चुनाव में साथ खड़े रहे... तो टिकट की बारी आने पर हमारी परीक्षा क्यों?'

कार्यकर्ताओं के बीच यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि चुनावी राजनीति में मजबूत वोट बैंक या व्यक्तिगत प्रभाव रखने वाले चेहरों को कई बार संगठन के पुराने कार्यकर्ताओं पर तरजीह मिल जाती है।

इसी संदर्भ में कार्यकर्ताओं की जुबान पर लादूलाल पितलिया, उदयलाल भड़ाना और ओम नारानिवाल जैसे नामों के उदाहरण भी चर्चा में हैं। सवाल उठ रहा है— 'अगर बगावत या मजबूत वोट बैंक के बाद भी राजनीतिक चेहरों के लिए रास्ते खुले रहते हैं, तो वर्षों से निष्ठा निभाने वाले कार्यकर्ता के लिए टिकट की कसौटी आखिर क्या है?'

**'जीताऊ' चेहरा भारी या 'निष्ठावान' कार्यकर्ता?**

टिकट वितरण के साथ भाजपा और कांग्रेस के सामने सबसे बड़ा राजनीतिक द्वंद्व यही है— निष्ठा या जीत की गारंटी? पार्टी नेतृत्व के सामने सवाल है कि वर्षों से संगठन में सक्रिय कार्यकर्ता को मौका दिया जाए या ऐसे चेहरे को मैदान में उतारा जाए, जिसका व्यक्तिगत जनाधार अधिक हो। लेकिन 'जीत के लिए लिया गया चेहरा अगर पार्टी का पुराना कार्यकर्ता ही नाराज कर दे तो क्या होगा?' यही वह समीकरण है जो चुनाव के बाद नहीं, टिकट बंटने के तुरंत बाद सामने आएगा।

**तीन दिन का नामांकन, प्रचार के लिए भी दौड़**

नामांकन प्रक्रिया के बाद जांच, नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया तेजी से पूरी होगी। प्रत्याशियों को प्रचार के लिए भी सीमित सम...

# रोडवेज बस स्टैंड में खुला शौचालय टैंक दे रहा मौत को बुलावा, बदबू से जीना भी दुश्वार, जिम्मेदार मौन



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / शहर के रोडवेज बस स्टैंड परिसर में अव्यवस्थाओं और लापरवाही ने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। शौचालय के समीप खुला पड़ा टैंक जहां हादसे को न्योता दे रहा है, वहीं उससे उठती तेज दुर्गंध ने यात्रियों और आसपास के लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। बदबू के कारण कुछ देर परिसर में खड़ा रहना भी लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है।

**खुला टैंक बना जानलेवा खतरा**

बस स्टैंड में प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही रहती है। ऐसे व्यस्त सार्वजनिक परिसर में शौचालय का टैंक खुला पड़ा होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। टैंक के आसपास पर्याप्त सुरक्षा घेरा नहीं होने से कभी भी कोई यात्री, बच्चा या बुजुर्ग हादसे का शिकार हो सकता है। रात के समय खतरा और बढ़ जाता है। पर्याप्त रोशनी के अभाव में खुले टैंक का पता नहीं चलने पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

**दुर्गंध ने बढ़ाई परेशानी**

खुले टैंक से उठती बदबू ने यात्रियों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। दुर्गंध के कारण आसपास का वातावरण दूषित बना हुआ है। यात्रियों को बस का इंतजार करने के दौरान बदबू का सामना करना पड़ता है। गर्मी और उमस के बीच स्थिति और ज्यादा परेशान करने वाली हो जाती है। लोगों का कहना है कि एक तरफ खुला टैंक जान के लिए खतरा बना है तो दूसरी तरफ दुर्गंध स्वास्थ्य और स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

**जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि रोडवेज बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थल पर खुले टैंक और गंदगी की स्थिति जिम्मेदार अधिकारियों की नजर से कैसे बची हुई है? यदि अधिकारियों को इसकी जानकारी है तो अब तक टैंक को सुरक्षित क्यों नहीं कराया गया? यात्रियों की मांग है कि टैंक को तत्काल ढकवाया जाए, आसपास मजबूत बैरिकेडिंग कराई जाए, सफाई एवं दुर्गंध की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए तथा परिसर में नियमित स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि हादसा होने का इंतजार करने के बजाय जिम्मेदारों को अभी चेतना होगा। आखिर कब तक खुले टैंक और बदबू के बीच यात्री अपनी जान और सेहत दोनों से समझौता करते रहेंगे?

# जयपुर में पानी में डूबने से भाई बहन की मौत

## निर्माणाधीन मकान की नींव में भरे पानी में गिरे, भीड़ देख रही थी पिता ने शव निकाला

स्मार्ट हलचल

**जयपुर** जयपुर में पानी में डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई। मकान की नींव के लिए गड्ढे खोदे गए थे। गड्ढे में करीब साढ़े चार फीट पानी भर था। पास में खेलते समय भाई-बहन गड्?ढे में गिर गए। शव पानी के ऊपर आने के बाद आसपास के लोगों ने देखा और बच्चों को निकालने में जुट गए, इसी दौरान भीड़ देखकर बच्चों के पिता लियाकत हुसैन भी मौके पर पहुंचे। बेटे मोहम्मद अयान (7) और बेटी आलिया (11) को पानी से बाहर निकालकर स्स्र हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। घटना दिल्ली रोड स्थित मानपुर सड़वा इलाके में बुधवार दोपहर 1 बजे की है। लियाकत हुसैन ने बताया मेरे दोनों बच्चे करीब 45 मिनट तक पानी में डूबे रहे। बच्चों के पिता लियाकत हुसैन तीन साल से सड़वा स्थित रशीद विहार कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे हैं। शहर में मजदूरी करते हैं। उनके दो बच्चे थे। वह मूलरूप से यूपी के बरेली जिले के लाडपुर, उस्मानपुर के रहने वाले हैं।

खेत में निर्माणाधीन भवन के बेसमेंट के लिए जेसीबी से गहरा गड्ढा खोदा गया था। इसमें पिलर बनाकर निर्माण किया जाना था। बुधवार को हुई तेज बारिश के बाद गड्ढे में करीब साढ़े चार फीट तक पानी भर गया था।

मेरे दोनों बच्चे घर के पास खेल रहे थे। इसी दौरान वे निर्माणाधीन स्थान पर पहुंचे और पानी से भरे गड्ढे में गिर गए। करीब 40 से 45 मिनट तक दोनों बच्चे पानी में डूबे रहे। दोपहर को करीब 2 बजे मैं खाना खाने के बाद काम पर जा रहा था। घर से करीब 150 मीटर दूर खाली प्लॉट के पास मुझे लोगों की भीड़ दिखाई दी। मौके पर पहुंचा तो पानी में बच्चों की चप्पलें तैरती नजर आईं। इसके बाद बच्चों के शव दिखाई दिए।

# रेल यात्रियों के फरिश्ते बने आरपीएफ जवान: बीमार किशोरी को बचाया

## लाखों का सामान लौटाया, चोर गिरोह के दो शातिर धराए

स्मार्ट हलचल



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पंकज चुघ के नेतृत्व में वाराणसी मंडल रेलवे सुरक्षा बल ने बीते सप्ताह मानवता, ईमानदारी और मुस्तैदी की मिसाल पेश करते हुए कई बड़ी कार्रवाइयां अंजाम दीं। मामला तब सामने आया जब 26 अगस्त को गाड़ी संख्या 15112 डाउन प्लेटफॉर्म-3 पर खड़ी थी और जनरल कोच में एक 17 वर्षीय किशोरी अचानक बीमार हालत में मिली। ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल विनय कुमार राय ने तुरंत सूचना दी, जिस पर उप निरीक्षक भोला प्रसाद राम मौके पर दौड़े आए। आरपीएफ और जीआरपी जवानों ने मिलकर बालिका को सुरक्षित स्टेशन के बाहर पहुंचाया और 108 एंबुलेंस बुलाकर महिला कांस्टेबल शशिकला भारती की निगरानी में जिला अस्पताल कबीर चौरा भर्ती कराया। स्वस्थ होते ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचित किया गया और नियमानुसार बालिका को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाने की प्रक्रिया पूरी की गई। इसी बीच 'ऑपरेशन अमानत' के तहत औड़िहार स्टेशन पर एक हरे रंग का झोला मिला, जिसमें किताब रखी थी। गाजीपुर के जखनियाँ निवासी मनीष कुमार का यह सामान 24 अगस्त को ट्रेन पकड़ते वक्त छूट गया था। रेल मदद 139 पर शिकायत के बाद हेड कांस्टेबल चन्द्रशेखर पाण्डेय ने खोजबीन कर झोला बरामद किया और दो दिन बाद पहचान सत्यापन के बाद उप निरीक्षक अर्चना उपाध्याय ने करीब ?500 का सामान यात्री को सौंप दिया। वहीं थावे स्टेशन पर तैनात कांस्टेबल सूर्य नारायण यादव ने गाड़ी संख्या 15113 के कोच स-1 से छूटा एक ट्रॉली बैग बरामद किया। रामपुर निवासी यात्री आकाश शर्मा जब दस्तावेजों के साथ पोस्ट पहुंचे, तो सहायक उप निरीक्षक हृदयानंद तिवारी ने सत्यापन के बाद करीब ?3,000 कीमत का सामान लौटाया, जिसमें खाने-पीने की चीजें और कपड़े थे। यात्री ने जवानों की तत्परता की खुले दिल से तारीफ की। सुरक्षा बल की सबसे बड़ी सफलता बैतालपुर क्षेत्र में देखने को मिली, जहां मुखबिर की सूचना पर टीम ने समपार संख्या 133 AC के पास एक संदिग्ध मोडिफाइड मोटरसाइकिल को रोका, जिसके पीछे सामान ढोने वाला ट्रॉलीनुमा डोंगा लगा था। तलाशी में तीन बोरियों से कुल 59 पेंड्राल क्लिप (ERC), कीमत करीब ?5,015, बरामद हुईं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पप्पू खान (23) और समीर अंसारी (19) के रूप में हुई, जिनके खिलाफ रेलवे संपत्ति अधिनियम की धारा 3 के तहत देवरिया सदर पोस्ट पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एक अन्य मामले में गाड़ी संख्या 15083 के कोच स-4 से छूटा ट्रॉली बैग कांस्टेबल जयप्रकाश यादव ने बलिया स्टेशन पर सुरक्षित उतारकर पोस्ट पर जमा कराया। 26 अगस्त को यात्री के पिता भरत पाण्डेय पहुंचे और मोबाइल पर बेटे से बात कर पहचान सत्यापित की गई। इसके बाद उप निरीक्षक विकास कुमार पाण्डेय ने करीब ?2,000 के कपड़ों सहित बैग परिवार को सौंप दिया। सामान वापस पाकर पिता ने आरपीएफ जवानों की ईमानदारी और संवेदनशीलता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। मुख्य प्रचार निरीक्षक हिमांशु राव ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा, बच्चों की मदद और रेल संपत्ति की चोरी रोकने के लिए वाराणसी मंडल आरपीएफ की सतर्कता आगे भी जारी रहेगी।

# 'अंधेरे में किसान, क्या छिपा रही है सरकार डेम विवाद पर तांबाखेड़ी धरने से उठी पारदर्शिता की मांग

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर,** / डेम निर्माण से जुड़ी विभिन समस्याओं को लेकर तांबाखेड़ी में चल रहे किसानों के अनिश्चितकालीन धरने में पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने शिरकत की। किसानों के बीच पहुंचकर उन्होंने सरकार की नीयत और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। ?डॉ. पूनिया ने मांग की कि सरकार डेम की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और समझौते के ज्ञापन (एमओए) को अविलंब सार्वजनिक करे, ताकि प्रभावित किसानों को पूरी और सटीक जानकारी मिल सके। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों को अंधेरे में रखकर गुमराह कर रही है। ?उन्होंने कहा कि किसान अपनी जमीन से पीढ़ियों से भावनात्मक रूप से जुड़ा है। ऐसे में उनकी जमीन के बदले डीएलसी रेट का 25 गुना मुआवजा और उचित पुनर्वास सुनिश्चित किया जाना चाहिए। किसान परिवार से अपने जुड़ाव का हवाला देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों पर कोई अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा और हक की यह लड़ाई निर्णायक मोड़ तक लड़ी जाएगी। ?धरने में महिलाओं की विशाल भागीदारी को उन्होंने किसान आंदोलन के जनआंदोलन में बदलने का प्रमाण बताया और सभी से एकजुट रहने का आह्वान किया।



# राजगढ़ में चुनावी बिगुल: निकाय चुनाव 2026 के प्रथम दिन उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन, जानें आपके वार्ड से कौन मैदान में

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर** / निकाय चुनाव 2026 का बिगुल बजते ही शहर में राजनीतिक हलचल और चुनावी उत्साह अपने चरम पर पहुँच गया है। नामांक न प्रक्रिया के प्रथम दिन बृहस्पतिवार, 27 अगस्त 2026 को विभिन्न वार्डों से दावेदारों ने उपखंड मजिस्ट्रेट एवं रिटर्निंग अधिकारी डॉ. मनोज खेमादा के समक्ष पूर्ण शांतिपूर्ण माहौल में अपने-अपने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए। पहले ही दिन निर्दलीय और दलीय प्रत्याशियों की सक्रियता से लोकतंत्र का यह महापर्व शहर में पूरी तरह रंग पकड़ने लगा है। ?प्राप्त आधिकारिक सूची के अनुसार, वार्ड संख्या 11 (सामान्य) से हिम्मत सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपनी दावेदारी पेश की है। वहीं वार्ड संख्या 12 (सामान्य) में मुकाबला दिलचस्प होने के आसार हैं, जहाँ पुरुषोत्तम और चंचल सैनी ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पर्चा भरा है, जबकि जमीला ने बहुजन समाज पार्टी की ओर से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए नामांकन दाखिल किया है। ?महिला आरक्षित वार्ड संख्या 29 (सामान्य महिला) से गीता सैनी ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ताल ठोकी है। इसके अतिरिक्त अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षित वार्ड संख्या 30 से सलीम तथा वार्ड संख्या 33 से सुरेंद्र ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपने नामांकन पत्र सौंपे हैं। प्रथम दिन सभी प्रक्रियाओं के सुचारू निष्पादन के साथ ही कस्बे में चुनावी चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

# पुर के वार्ड-3 में टिकट को लेकर सियासी घमासान! 80' OBC वोट का दावा, फिर भी जनरल सीट पर सवाल

## 30 साल से एक ही वर्ग के खाते में सीट आने का आरोप; टिकट से पहले ही भाजपा में उठने लगी अंदरूनी हलचल,'जब दूसरे वार्डों में OBC को मौका तो यहां क्यों नहीं..?

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / नगर निगम चुनाव की सरगर्मियों के बीच पुर क्षेत्र का वार्ड नंबर 3 टिकट की राजनीति को लेकर चर्चा में आ गया है। नए परिसीमन के बाद बदले वार्ड समीकरणों के बीच स्थानीय स्तर पर OBC मतदाताओं का दावा है कि वार्ड में करीब 80 प्रतिशत मतदाता OBC वर्ग से हैं, इसके बावजूद सीट लगातार सामान्य वर्ग के लिए आने से प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय दावेदारों और समर्थकों का कहना है कि वार्ड में वर्षों से सामान्य वर्ग के चेहरों को ही राजनीतिक प्राथमिकता मिलती रही है। ऐसे में इस बार टिकट वितरण से पहले ही OBC दावेदारों ने अपनी दावेदारी तेज कर दी है।

**'80 प्रतिशत वोट हमारा, टिकट में हिस्सेदारी क्यों नहीं?'**

वार्ड में OBC वर्ग से जुड़े लोगों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही घूम रहा है— 'जब मतदाताओं में हमारी संख्या इतनी अधिक है तो राजनीतिक प्रतिनिधित्व में हमारी हिस्सेदारी क्यों नहीं?'

स्थानीय लोगों के अनुसार नए परिसीमन के बाद वार्ड में करीब 3500 मतदाता रह गए हैं। इनमें OBC मतदाताओं की संख्या करीब 80 प्रतिशत होने का दावा किया जा रहा है, जबकि सामान्य और स्ष्ट-स्ञ्ज वर्ग के मतदाताओं की संख्या अपेक्षाकृत कम बताई जा रही है।

हालांकि, इन आंकड़ों की आधिकारिक पुष्टि चुनावी मतदाता सूची के आधार पर ही होगी।

**30 साल से सामान्य सीट—अब उठने लगे सवाल:-**

स्थानीय दावेदारों का कहना है कि वार्ड में पिछले करीब 30 वर्षों से सामान्य वर्ग की सीट आने का सिलसिला बना हुआ है। इस बार भी वार्ड सामान्य घोषित होने के बाद OBC वर्ग के संभावित दावेदारों की नाराजगी सामने आने लगी है।

सियासी सवाल यह है कि 'क्या टिकट केवल सीट की श्रेणी देखकर तय होगा या वार्ड के वास्तविक सामाजिक और राजनीतिक समीकरण को भी तवज्जो मिलेगी?'

यही सवाल अब भाजपा के भीतर टिकट की दौड़ को दिलचस्प बना रहा है।

**'15 साल से एक ही परिवार का दबदबा क्यों?'**

स्थानीय स्तर पर एक और मुद्दा भी जोर पकड़ रहा है। कुछ लोगों का आरोप है कि पिछले करीब 15 वर्षों से एक ही परिवार को लगातार राजनीतिक अवसर मिलता रहा है। इसे लेकर भी वार्ड के एक वर्ग में नाराजगी की चर्चा है। OBC दावेदारों का कहना है कि यदि इस बार भी पुराने राजनीतिक चेहरे या उसी परिवार को प्राथमिकता दी गई तो 'कार्यकर्ताओं की मेहनत और बदलते वार्ड समीकरणों का क्या होगा?'

**दूसरे वार्डों का उदाहरण देकर घेरा:-**

OBC वर्ग से जुड़े स्थानीय लोगों ने टिकट वितरण में कथित दोहरे मापदंड का सवाल भी उठाया है। उनका तर्क है कि पुर क्षेत्र के कुछ अन्य वार्डों में सामान्य सीट होने के बावजूद OBC वर्ग के प्रत्याशियों को राजनीतिक दलों की ओर से मौका मिलता रहा है।

उनका सवाल है— 'अगर OBC बहुल दूसरे वार्डों में सामान्य सीट पर OBC प्रत्याशी स्वीकार्य है, तो वार्ड नंबर 3 में यही फार्मूला क्यों नहीं?'

यही तुलना अब वार्ड की राजनीति में सबसे बड़ा मुद्दा बनती दिखाई दे रही है।

**टिकट से पहले ही बगावत के संकेत?**

भाजपा के भीतर टिकट वितरण को लेकर सबसे बड़ी चुनौती सिर्फ उम्मीदवार चुनने की नहीं, बल्कि टिकट से वंचित दावेदारों और उनके समर्थकों को साथ रखने की होगी। यदि OBC वर्ग के किसी मजबूत दावेदार को टिकट नहीं मिलता है तो उसके बाद उसका रुख क्या होगा, यह चुनावी समीकरणों पर असर डाल सकता है। स्थानीय स्तर पर निर्दलीय विकल्प और बगावत की चर्चाएं भी इसी वजह से जोर पकड़ रही हैं।

राजनीतिक जानकारों के मुताबिक निकाय चुनाव में कुछ वार्डों में जातीय समीकरण के साथ-साथ व्यक्तिगत जनाधार, परिवार की पकड़, संगठन से जुड़ाव और टिकट से उपजा असंतोष जीत-हार में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

**'टिकट का फैसला सिर्फ समीकरणों से होगा या जमीनी ताकत से?'**

वार्ड नंबर 3 में फिलहाल सबसे बड़ा इंतजार भाजपा के टिकट की घोषणा का है। टिकट किसे मिलता है, इसके साथ ही यह भी साफ होगा कि पार्टी पुराने राजनीतिक समीकरणों पर भरोसा करती है या नए सामाजिक समीकरण को तवज्जो देती है।

एक तरफ वर्षों से स्थापित राजनीतिक दावेदारी है तो दूसरी तरफ OBC वर्ग के दावेदार संख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व की मांग कर रहे हैं।

ऐसे में वार्ड नंबर 3 में मुकाबला केवल दो उम्मीदवारों के बीच नहीं, बल्कि 'पुराने दबदबे बनाम नए प्रतिनिधित्व' की लड़ाई बनता नजर आ रहा है।

अब असली सवाल यही है— 'क्या भाजपा वार्ड के बदलते समीकरणों को पढ़कर टिकट देगी या पुराने राजनीतिक समीकरणों पर ही दांव लगाएगी?'

टिकट की घोषणा के साथ इस सवाल का जवाब भी सामने आ जाएगा और तब तय होगा कि वार्ड नंबर 3 में नाराजगी सिर्फ चर्चाओं तक सीमित रहती है या चुनावी मैदान में इसका सीधा असर दिखाई देता है।

# जयपुर में शाकिर देशवाली हत्याकांड के मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## भागते समय खाई में गिरने से पैरों में आई चोट, वारदात के बाद जंगल में छिपे थे बदमाश

स्मार्ट हलचल

**जयपुर** जयपुर में विद्याधर नगर थाना पुलिस ने शाकिर देशवाली हत्याकांड में फरार चल रहे दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हुए रफीक शाह उर्फ बकरी चोर और मोहम्मद हारून उर्फ भूरिया को दबोचा है। दोनों पुलिस से बचने के लिए पापड़ हनुमानजी मंदिर के पीछे जंगल में छिपे हुए थे। पुलिस टीम ने रात के समय जंगल को घेरकर सर्च ऑपरेशन चलाया। भागने के दौरान दोनों गहरी खाई में गिरकर घायल हो गए। इसके बाद उन्हें कांवटिया अस्पताल ले जाकर उपचार कराया गया और फिर गिरफ्तार किया गया। गुरुवार को पुलिस ने आरोपियों की मौका परेड करवाई। इस दौरान आरोपी लंगड़ा कर चलते नजर आए। पुलिस ने आरोपियों की मौका परेड करवाई। इस दौरान आरोपी लंगड़ा कर चलते नजर आए।

# विशेषज्ञों ने समझाया नेत्रदान और नेत्र स्वास्थ्य का महत्व, विद्यार्थियों ने लिया जागरूकता फैलाने का संकल्प

स्मार्ट हलचल



**कोटा,** । नेत्रदान को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने और नई पीढ़ी को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, विज्ञाननगर में गुरुवार को विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, कोटा चैप्टर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नेत्रदान के महत्व, कॉर्नियल अंधत्व और आंखों की देखभाल के बारे में जानकारी दी। डॉ. के. के. कंजोलिया ने कहा कि नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने कॉर्नियल अंधत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मृत्यु के बाद किया गया नेत्रदान जरूरतमंद लोगों को दृष्टि प्राप्त करने में सहायक हो सकता है। वरिष्ठ नेत्र शल्य चिकित्सक डॉ. सुरेश के. पाण्डेय ने नेत्र प्रतिरूप के माध्यम से विद्यार्थियों को आंख की संरचना और कार्यप्रणाली समझाई। उन्होंने कॉर्निया, आइरिस, पुतली, लेंस, रेटिना और दृष्टि तंत्रिका की भूमिका को सरल भाषा में बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नेत्रदान, कॉर्नियल प्रत्यारोपण और नेत्र स्वास्थ्य से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल भाषा में समाधान किया। अंत में उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाने का सामूहिक संकल्प लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य अनिता शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, कोटा चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. के. के. कंजोलिया, वरिष्ठ नेत्र शल्य चिकित्सक एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुरेश के. पाण्डेय, उपाध्यक्ष जी. डी. पटेल, कार्यकारिणी सदस्य अमित सिंह राठौड़, अनीता चौहान तथा तकनीशियन टिंकू ओझा सहित शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# श्री गोपाल जी मंदिर में पारंपरिक लहरिया महोत्सव की रही धूम, एक ही रंग में रंगा नजर आया समूचा परिसर

## भजनों की स्वरलहरियों पर जमकर थिरकीं महिला श्रद्धालु, पुष्प वर्षा के बीच ठाकुरजी के दरबार में दिखा भक्ति और संस्कृति का अनूठा संगम

स्मार्ट हलचल

**मंडावर।** नगरपालिका शहर के हृदय स्थल गांधी चौक स्थित ऐतिहासिक एवं प्राचीन श्री गोपाल जी मंदिर में गुरुवार को गोपाल जी महिला मंडल के तत्वावधान में भव्य लहरिया महोत्सव श्रद्धा, उल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर समूचा मंदिर प्रांगण राजस्थानी लोक संस्कृति और भक्ति रस के अनूठे संगम का साक्षी बना। शहर के हॉस्पिटल रोड सहित आसपास की कॉलोनियों से पहुंचीं श्याम महिला भक्तों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक एक जैसे लहरिया परिधान धारण कर मंदिर पहुंचीं। जिससे पूरा परिसर सतरंगी छटा और उत्सव के रंग में सराबोर दिखाई दिया। महोत्सव का विधिवत शुभारंभ मंदिर में विराजमान भगवान श्री राधा-कृष्ण की नयनाभिराम प्रतिमाओं के विशेष मनोहारी श्रृंगार, विधि-विधान से पूजन और मनुहार के साथ हुआ। इसके उपरांत महिला मंडल द्वारा संगीतमय भजन-कीर्तन का क्रम शुरू किया गया। ढोलक और मंजीरों की मधुर थाप पर महिलाओं ने ठाकुरजी को रिझाने के लिए एक से बढ़कर एक भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों की भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु महिलाएं भावविभोर होकर जमकर थिरकीं और समूचा प्रांगण भक्ति नृत्य से गुंजायमान हो उठा। संकीर्तन के दौरान महिलाओं ने श्रद्धा और उल्लास व्यक्त करते हुए भगवान के विग्रह एवं उपस्थित भक्तों पर ताजे गुलाब के फूलों की मनोहारी पुष्प वर्षा की, जिससे पूरा वातावरण सुगंधित और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने 'राधे राधे जपो चले आएंगे बिहारी ', 'मीठे रस से भरयो री राधा रानी लागे ', 'झूला झूले राधा प्यारी, संग में बांके बिहारी ', 'सांवरिया ले चल परली पार, जहां विराजे श्री राधे सरकार ', 'ओ कान्हा अब तो मुरली की मधुर सुना दो तान ', 'मेरी लगी श्याम संग प्रीत, ये दुनिया क्या जाने ', 'लहरिया ओढ़ राधा नाचे, कान्हा बजावे बांसुरिया' तथा 'अधरं मधुरं वदनं मधुरं' जैसे प्रसिद्ध भजनों के माध्यम से अपने आराध्य के प्रति अनन्य प्रेम व श्रद्धा समर्पित की। मंदिर महंत बृजमोहन दास शर्मा ने बताया कि भारतीय संस्कृति में सावन-भादो मास के दौरान मनाए जाने वाले पारंपरिक उत्सव आपसी सौहार्द, संस्कृति के संरक्षण और ईश्वर के प्रति समर्पण का सुंदर माध्यम हैं। कार्यक्रम के समापन पर भगवान श्री गोपाल जी को विशेष मिष्ठान एवं ऋतुफलों का भोग लगाकर महाआरती की गई। इसके पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को चरणामृत एवं प्रसाद वितरित किया गया, जहां बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने धर्म लाभ उठाया।



# भवानीमंडी में विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की दो दिवसीय 'आयाम पुंज बैठक' संपन्न

## अशोक सिंघल शताब्दी वर्ष एवं संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय

स्मार्ट हलचल

**रणवीर सिंह चौहान भवानीमंडी।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल जिला भवानीमंडी के तत्वावधान में 25 एवं 26 अगस्त 2026 को दो दिवसीय 'आयाम पुंज बैठक' का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। विश्व हिंदू परिषद बारा विभाग मंत्री बालू सिंह चौहान ने बताया बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ आगामी वर्ष में आयोजित होने वाले राष्ट्रव्यापी एवं सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।




### प्रमुख आगामी कार्यक्रम

अशोक सिंघल जन्म शताब्दी वर्ष: विहिप के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. अशोक सिंघल जी का जन्म शताब्दी वर्ष व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा।

संत रविदास जी की 650वीं जन्म शताब्दी: सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयन्ती (जन्म शताब्दी) पूरे जिले एवं विभाग में भव्य रूप से आयोजित की जाएगी।

बैठक में प्रमुख पदाधिकारियों एवं अतिथियों की उपस्थिति

बैठक में केंद्रीय, प्रांत एवं जिला स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा अतिथियों ने मार्गदर्शन प्रदान किया:

केंद्रीय एवं प्रांत संगठन:
उमाशंकर (केंद्रीय मंत्री)
आनंद (क्षेत्रीय संगठन मंत्री)
प्रतापसिंह नागदा (प्रांत अध्यक्ष)
कौशल गौड़ (प्रांत मंत्री)
नितिन जी (प्रांत संगठन मंत्री)
श्रीमती स्नेहलता पंवार (प्रांत उपाध्यक्षा)
सुंदरलाल कटारिया
युधिष्ठिर सिंह हाड़ा
मुख्य अतिथि राजेश नाहर

### विशिष्ट अतिथि डॉक्टर द्वन्द्व अरोड़ा

इस बैठक में भवानीमंडी जिले सहित आसपास के सभी जिलों एवं विभागों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे जिनमें कल्याणल, विष्णु शर्मा,हेमंत राठौर, समरथ सिंह,राहुल राठौर,ईश्वरसिंह,वीर जैन,लक्ष्मण सिंह मोयाखेड़ा,लोकेश नागर,लक्की जायसवाल,यादवेंद्र सिंह,राजू वैष्णव,कृपालसिंह,विजयसिंह रहे,

# बाढ़ से घिरे नेपाल को भारत की मदद, जयशंकर ने की समीक्षा

स्मार्ट हलचल



**नई दिल्ली।** भारत ने अपनी 'पड़ोसी प्रथम' नीति के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दोहराते हुए एक बार फिर संकट के समय नेपाल के लिए 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' की अपनी ऐतिहासिक भूमिका को निभाया है। नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन की विभीषिका से निपटने के लिए भारत सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 टन मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) सामग्री तथा जीवन रक्षक दवाओं की पहली खेप काठमांडू भेजी। इसके ठीक अगले ही दिन भारत ने वायुसेना के विशेष सैन्य विमान से 37.5 टन राहत सामग्री की दूसरी बड़ी किस्त भी रवाना कर दी है, ताकि मुश्किल दौर से गुजर रहे पड़ोसी देश को तत्काल राहत मिल सके।
आपदा की गंभीरता को देखते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय ने अपनी कूटनीतिक और प्रशासनिक मशीनरी को पूरी तरह सक्रिय कर दिया है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में एक अत्यंत महत्वपूर्ण उच्च स्तरीय बैठक की। इसकी जानकारी देते हुए जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा नेपाल में बाढ़ की आपदा को लेकर विदेश सचिव, विदेश मंत्रालय की टीम और काठमांडू व बीजिंग में हमारे राजदूतों के साथ समीक्षा बैठक की। बाढ़ प्रभावित इलाकों में सभी भारतीयों की स्थिति और उनकी सलामती का पता लगाने के लिए तेज़ी से कोशिशें की जा रही हैं। उन्होंने आगे लिखा विदेश मंत्रालय इस मामले में अलग-अलग मंत्रालयों, राज्य सरकारों, टूर ऑपरेटरों और प्रोजेक्ट अधिकारियों के साथ तालमेल बैठा रहा है। हम इस पहलू और राहत कार्यों, दोनों पर नेपाली पक्ष के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि भारत नेपाली अधिकारियों के साथ निकट और निरंतर संपर्क में बना हुआ है और भारत चल रहे राहत प्रयासों का पुरजोर समर्थन करना जारी रखेगा। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने संस्कृति, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री खड्का राज पौडेल को भारत द्वारा भेजी गई सहायता सामग्री सौंपी गई है और 37.5 टन एचएडीआर सामग्री, दवाओं और खाद्य पैकेटों की दूसरी खेप भी विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार मंत्री महाबीर पुन को सौंप दी गई है। दूतावास ने बताया कि उसके तमाम अधिकारी अलर्ट मोड पर हैं और नेपाल में रहने वाले भारतीयों की सहायता एवं सुरक्षा के लिए इमरजेंसी नंबर जारी किए गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए गए तमिलनाडु के 21 भारतीय नागरिकों को नेपाल में बचाया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि नेपाल में बाढ़ की स्थिति के लिए विदेश मंत्रालय में विशेष नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। भारत की ओर से यह त्वरित सहायता इस बात का जीवंत प्रमाण है कि भारत अपने पड़ोसी देशों के सुख-दुख को अपनी साझा नियति मानता है। चाहे वर्ष 2015 का विनाशकारी भूकंप रहा हो, 2019-20 में कोविड-19 महामारी हो या वर्तमान बाढ़ की आपदा, भारत ने हमेशा बिना किसी देरी के 'बड़ा भाई' होने का फर्ज निभाया है।

# राजस्थान जूनियर फुटबॉल टीम की घोषणा एवं किट वितरण समारोह

स्मार्ट हलचल




**जयपुर।** आगामी जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए राजस्थान जूनियर फुटबॉल टीम की घोषणा कर दी गई है। प्रतियोगिता का आयोजन नारायणपुर, छत्तीसगढ़ में हो रहा हैं आज राजस्थान टीम की घोषणा की गई । ऋषिराज, बृजेश, मोहित, आसू, अमन, अभिषेक, आवेश, सुजल, हर्षवर्धन, सैजान, प्रेम, खुशाल, रणंजय, केसरी प्रताप, यशवंत, अरमान, जॉयरिंग, चंद्रेश, सुमित एवं भारत सिंह को शामिल किया गया है। टीम का कप्तान मोहित तथा उपकप्तान ऋषिराज को बनाया गया है। टीम के कोच देवेंद्र सिंह भाटी मैनेजर नीरज चौधरी तथा फिजियो फराज खान रहेंगे। एयू स्मॉल फाइनेंशियल बैंक बना राजस्थान जूनियर फुटबॉल टीम का सहयोगी बना । राजस्थान जूनियर फुटबॉल टीम की किट को एयू स्मॉल फाइनेंशियल बैंक द्वारा प्रायोजित किया गया है। बैंक ने युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने की दिशा में अपना सहयोग दिया है। टीम की किट स्पॉन्सर कर राजस्थान के उभरते फुटबॉल खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया है। किट लॉन्चिंग एवं वितरण समारोह में एयू बैंक की ओर से सचिन चौधरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर खिलाड़ियों को टीम की नई किट वितरित की गई। बालिका फुटबॉल अकैडमी की बच्चियों ने राजस्थान जूनियर फुटबाल टीम को राखी बांधकर और मिठाई खिलाकर त्यौहार मनाया । समारोह में राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत,एयू बैंक की ओर से सचिन चौधरी, पचार ग्रुप के डायरेक्टर जितेंद्र सिंह पचार, साई सेंटर के कोच सुभाष जी , उपस्थित रहे । टीम प्रशिक्षण कैंप 15 दिनों तक कोच देवेंद्र सिंह के द्वारा लिया गया । प्रतियोगिता में राजस्थान का पहला लीग मैच 1 सितंबर को झारखंड के साथ होगा। इसके बाद 3 सितंबर को बिहार और 5 सितंबर को उत्तराखंड के खिलाफ राजस्थान की टीम मैदान में उतरेगी। राजस्थान संघ के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह जसोल ने राजस्थान जूनियर टीम प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करने की बात कही ।

# ददरेवा में पार्किंग व अव्यवस्थाओं को लेकर गहराया आक्रोश: ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, उग्र आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल



**सादुलपुर** /ग्राम पंचायत ददरेवा में पार्किंग शुल्क संग्रहण और मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर बुधवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने एकत्र होकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए अव्यवस्थाओं के निस्तारण की मांग की। ?ग्रामीणों का कहना है कि ददरेवा आने वाले श्रद्धालुओं व यात्रियों के लिए पेयजल, प्रकाश एवं सुचारू पार्किंग जैसी आवश्यक सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। इसके बावजूद वाहनों से शुल्क वसूला जा रहा है, जिससे यात्रियों व स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे राजगढ़-तारानगर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम करेंगे। ?ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व सरपंच किशोरीलाल सारड़ा, बलवान कालेरा, रणवीर खिचड़, वेदपाल रुलाणी, दुली चंद वालिया, रमेश कुलड़िया, संदीप साळड़ा, जगदीश, धोलू रुलाणिया, भीम वालिया, बुद्धराम एवं राजकुमार कालेर सहित अनेक ग्रामीण शामिल रहे। इनका कहना है: प्रशासक मोहम्मद जाहिद कुरैशी: 'ग्राम पंचायत क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा हमारी मुख्य प्राथमिकता है। परिसर में पेयजल, नियमित सफाई और सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरों की पुख्ता व्यवस्था की गई है। पार्किंग व्यवस्था को लेकर पूर्व में एक-दो शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनका मौके पर ही तुरंत निस्तारण कर दिया गया था। मारपीट जैसी घटनाएं की कोई शिकायत नहीं मिली एवं शुल्क नियमानुसार ही लिया जा रहा है,

# आदिवासी महिलाओं को घूंघट की ओट से पहचान तक: रंजनबेन चौहान की पहल, कच्छ की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प

## सखी मंडल' के जरिए महिलाओं को घर की चारदीवारी से बाहर लाकर शिक्षा, हुनर और स्वरोजगार से जोड़ने की पहल

स्मार्ट हलचल

**गांधीधाम/कच्छ।** समाज में महिलाओं की भूमिका केवल परिवार की जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं है। यदि उन्हें अवसर, शिक्षा, प्रशिक्षण और सही मार्गदर्शन मिले तो वे परिवार के साथ-साथ समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इसी सोच के साथ भारतीय आदिम जाति सेवक संघ की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष रंजनबेन चौहान ने कच्छ के गांधीधाम में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक नई पहल शुरू की है। इसके तहत महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप 'सखी मंडल' की स्थापना की गई है। रंजनबेन चौहान का कहना है कि महिलाओं को घूंघट की ओट में सीमित रखने के बजाय उन्हें शिक्षा, हुनर, रोजगार और सामाजिक पहचान के अवसर देने होंगे। जब महिला अपने हुनर के दम पर आर्थिक रूप से मजबूत होगी तो उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा और परिवार में भी उसकी भूमिका और निर्णय क्षमता मजबूत होगी।



### घूंघट से बाहर निकलकर अपनी पहचान बनाने की कोशिश

ग्रामीण और पारंपरिक समाज में आज भी अनेक महिलाएं घरेलू जिम्मेदारियों के कारण अपनी प्रतिभा और हुनर को सामने नहीं ला पातीं। ऐसी महिलाओं को आगे लाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना 'सखी मंडल' का प्रमुख उद्देश्य है।
रंजनबेन चौहान ने कहा कि घूंघट हटाना केवल चेहरे से पर्दा हटाना नहीं, बल्कि सोच और संभावनाओं के दरवाजे खोलना है। महिलाओं को यह विश्वास दिलाना जरूरी है कि वे भी अपने निर्णय ले सकती हैं, अपना व्यवसाय चला सकती हैं और समाज में अपनी अलग पहचान बना सकती हैं।

### हुनर को रोजगार से जोड़ने का प्रयास

'सखी मंडल' के माध्यम से महिलाओं को स्थानीय स्तर पर ऐसे कामों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिनसे वे घर से या छोटे स्तर पर अपना रोजगार शुरू कर सकें। इनमें कच्छी हस्तवणाट, कच्छी भरत-गुंथण, सिलाई-कढ़ाई, फास्ट फूड, ब्यूटी पार्लर सहित विभिन्न गृह उद्योग शामिल हैं।
इसके साथ ही छोटी-बड़ी मशीनों से संचालित घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने की योजना है। उद्देश्य यह है कि महिलाओं को केवल प्रशिक्षण देकर छोड़ने के बजाय उनके हुनर को उत्पादन, बाजार और आमदनी से जोड़ा जाए।

### शिक्षा और प्रशिक्षण पर भी रहेगा जोर

रंजनबेन चौहान ने बताया कि महिला सशक्तिकरण का आधार केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता नहीं, बल्कि शिक्षा और जागरूकता भी है। इसलिए 'सखी मंडल' के माध्यम से शैक्षणिक प्रशिक्षण केंद्र, रोजगारपरक प्रशिक्षण और सामाजिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।
महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और आरोग्य के प्रति जागरूक करने के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने पर भी जोर रहेगा। उनका मानना है कि शिक्षित, स्वस्थ और आत्मनिर्भर महिला ही मजबूत परिवार और मजबूत समाज की नींव रख सकती है।

### जहां जरूरत होगी, वहां बनेंगे 'स्वनिर्भर केंद्र'

रंजनबेन चौहान ने कहा कि महिलाओं की जरूरत केवल गांधीधाम तक सीमित नहीं है। जहां भी आवश्यकता महसूस होगी, वहां स्वनिर्भर केंद्र स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। इन केंद्रों में महिलाओं को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और स्वरोजगार के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने की योजना है।
इन केंद्रों को स्थानीय महिलाओं की जरूरत के अनुसार विकसित किया जाएगा, ताकि किसी महिला को अपने हुनर को रोजगार में बदलने के लिए दूर न जाना पड़े।

### 'सखी मंडल' बनेगा महिलाओं की नई पहचान का मंच

रंजनबेन चौहान के अनुसार 'सखी मंडल' केवल एक सेल्फ हेल्प ग्रुप नहीं, बल्कि महिलाओं को घरेलू सीमाओं से सामाजिक भागीदारी और आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने का मंच बनाने का प्रयास है।
उनका कहना है कि समाज की महिलाओं को आगे बढ़ाना किसी एक परिवार या एक महिला का विकास नहीं है। जब एक महिला आत्मनिर्भर बनती है तो उसका पूरा परिवार मजबूत होता है और जब बड़ी संख्या में महिलाएं आत्मनिर्भर होती हैं तो पूरे समाज की तस्वीर बदल सकती है।
रंजनबेन चौहान का संदेश साफ है—महिलाओं को सहारे की नहीं, अवसर और मंच की जरूरत है। हुनर उनके भीतर है, जरूरत केवल उसे पहचान देने की है।
घूंघट से पहचान तक का यह सफर कच्छ की महिलाओं के लिए सामाजिक बदलाव की नई शुरुआत बन सकता है।

## रक्षाबंधन की आड़ में यूआईटी रिठोला पेरीफेरी क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम आचार संहिता का उल्लंघन : पूर्व मंत्री जाड़ावत

स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा। शंभूपुरा।** पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने चित्तौड़गढ़ में आयोजित मातृ शक्ति कार्यक्रम को लेकर भाजपा जनप्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यूआईटी के रिठोला पेरीफेरी क्षेत्र में रक्षाबंधन की आड़ लेकर आयोजित किया गया यह कार्यक्रम आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। जाड़ावत ने कहा कि वर्तमान में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी राजनीतिक दल या उसके जनप्रतिनिधियों द्वारा ऐसे कार्यक्रम आयोजित करना, जिसमें राजनीतिक गतिविधियों अथवा प्रचार की संभावना हो, निर्वाचन आचार संहिता की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन जैसे पवित्र पर्व की आड़ लेकर राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करना उचित नहीं है। उन्होंने प्रशासन एवं निर्वाचन अधिकारी से पूरे मामले का संज्ञान लेकर कार्यक्रम की निष्पक्ष जांच करने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी राजनीतिक दलों एवं जनप्रतिनिधियों के लिए निर्वाचन आचार संहिता का पालन अनिवार्य है। प्रशासन को किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर निष्पक्षता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनी रहे। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान और रक्षाबंधन का पर्व सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन ऐसे पवित्र अवसरों का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।



### ब्यावर निकाय चुनाव का बिगुल बजा, 60 वार्डों में नामांकन शुरू

## पहले दिन भाजपा के दो प्रत्याशियों ने भरे पर्चे, 500 से अधिक नामांकन फार्म ले जा चुके दावेदार

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर परिषद ब्यावर के 60 वार्डों में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन वार्ड संख्या 20 और 40 से भाजपा के दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही शहर में चुनावी हलचल तेज हो गई है। प्रत्याशियों के साथ समर्थकों की आवाजाही भी शुरू हो गई। नामांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने चार नामांकन केंद्र निर्धारित किए हैं। रिटर्निंग ऑफिसर जयपाल सिंह ने बताया कि वार्ड संख्या 1 से 15 तक के प्रत्याशियों के नामांकन पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, छावनी रोड के कमरा नंबर 37 में लिए जा रहे हैं। वार्ड संख्या 16 से 30 तक के लिए नगर परिषद कार्यालय को केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार वार्ड संख्या 31 से 45 तक के प्रत्याशियों के नामांकन उपखंड अधिकारी कार्यालय के सभागार (पुराना वीसी हॉल) में तथा वार्ड संख्या 46 से 60 तक के नामांकन अंबेडकर भवन में लिए जा रहे हैं।



### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

नामांकन प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर पुलिस की ओर से माकूल सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने भी प्रत्येक केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ कार्मिक तैनात किए हैं। नामांकन केंद्रों के आसपास प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की आवाजाही के चलते चुनावी माहौल नजर आने लगा है।

### 500 से अधिक फार्म ले जा चुके प्रत्याशी

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरेशकुमार गर्ग ने बताया कि नामांकन के पहले दिन दो प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। वहीं, अब तक 500 से अधिक नामांकन फार्म प्रत्याशियों की ओर से लिए जा चुके हैं। इससे आने वाले दिनों में नामांकन दाखिल करने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना है। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों और संभावित प्रत्याशियों की गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। शहर के 60 वार्डों में चुनावी समीकरणों को लेकर राजनीतिक चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

## श्रावण पूर्णाहुति पर 29 अगस्त को ब्राह्मण भोज, जन्माष्टमी पर 4 सितंबर को धार्मिक आयोजन और 5 सितंबर को महाप्रसाद



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** सती चबूतरा स्थित मंदिर श्री चारभुजा जी एवं गोविंद देवी जी माहेश्वरी समाज की धार्मिक आस्था के साथ उसकी सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत का भी प्रमुख केंद्र है। पंचायत अध्यक्ष के जी जाखेटिया ने बताया कि यहां भगवान महेश की आराधना और सामूहिक धार्मिक अनुष्ठानों की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। इसी क्रम में प्रतिवर्ष श्रावण मास में भगवान शिव की विशेष आराधना की जाती है। श्रावण मास की पूर्णाहुति पर 29 अगस्त 2026, शनिवार को ब्राह्मण भोज आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के उपसभापित राजेश कृष्ण बिरला रहेंगे। मंत्री राम चरण धूत ने बताया कि ने बताया कि इसके बाद भाद्रपद मास में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर 4 सितंबर 2026, शुक्रवार को जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रमों के बाद 5 सितंबर 2026, शनिवार को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## कोशीथल में पहली बार डाक कावड़ यात्रा हुई सम्पन्न, भक्तों में रहा भारी उत्साह

### मातृकुण्डिया से लाए गए पवित्र जल से हुआ शिवालय में जलाभिषेक

स्मार्ट हलचल

**कोशीथल,** कोशीथल क्षेत्र में पहली बार आयोजित भव्य डाक कावड़ यात्रा बुधवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुई। आयोजित इस यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। यात्रा सुबह 9 बजे मातृकुण्डिया से रवाना हुई। कावड़ियों ने 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारों के साथ दौड़कर कोशीथल पहुंचकर शिव मंदिर में पवित्र जल से जलाभिषेक किया डाक कावड़ यात्रा के दौरान गांव-गांव में भक्तों ने पुष्प वर्षा कर और पेयजल, फलाहार की व्यवस्था कर कावड़ियों का स्वागत किया। ढोल की धुन पर युवा झूमते हुए चल रहे थे मित्र मण्डल के पदाधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में पहली बार डाक कावड़ का आयोजन किया गया था। इसका उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक भावना को मजबूत करना और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करना था पदाधिकारियों ने कहा कि आगे भी इस तरह के धार्मिक आयोजन करवाए जाएंगे यात्रा के समापन पर प्रसादी वितरण भी किया गया।



## रक्षा बन्धन के स्नेह-सूत्र से हो पारिवारिक सामाजिक समरसता का संधान

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर** राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पुनरुत्थान एवं वैचारिक चेतना को समर्पित शीर्षस्थ संस्था 'समुत्कर्ष समिति' के तत्वावधान में रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर 'रक्षाबंधन :भाई-बहन के रिश्ते से सामाजिक समरसता तक' विषयक 149 वीं समुत्कर्ष मासिक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भ्रातृभाव के उस अमूल्य अंकुर का नव-सिंचन है, जो काल की धारा के साथ सामाजिक समरसता के अक्षुण्ण एवं छायादार वटवृक्ष का रूप धारण कर लेता है। वक्ताओं ने कहा कि कलाई पर बंधा सूक्ष्म रेशमी सूत्र मात्र भावुकता की एक क्षणिक प्रतिज्ञा नहीं, अपितु संपूर्ण सामाजिक चेतना को आत्मीयता, संवेदनशीलता और अखंडता के एक अविभाज्य सूत्र में पिरोने का वह समर्थ अनुष्ठान है, जहाँ विभेदों का अवसान होकर समरसता सुशोभित होती है।

वक्ताओं का अभिमत था कि श्रीमद्भागवत और लोक-परंपराओं में वर्णित द्रौपदी और श्रीकृष्ण का प्रसंग केवल रक्षा बन्धन नहीं, बल्कि सामाजिक संरक्षण का प्रतीक है। जब द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर श्रीकृष्ण की उंगली पर बांधा था, तो वह एक बहन का भ्रातृभाव था। बदले में श्रीकृष्ण ने चीर-हरण के समय द्रौपदी की लाज बचाकर यह सिद्ध किया कि सच्चा रक्षा बन्धन भाव समाज में स्त्री के सम्मान और सामाजिक न्याय की रक्षा का सबसे बड़ा स्तंभ है।

इस अवसर पर शिक्षाविद आर्य सत्यप्रिय ने कहा कि भ्रातृभाव से समरसता की ओर यह केवल एक विचार नहीं, बल्कि वह वैचारिक सेतु है जो व्यक्तिगत संबंधों की संकुचित सीमाओं को तोड़कर संपूर्ण समाज को एक आत्मीय सूत्र में पिरोता है। जब रक्षाबंधन जैसे पर्व पर एक बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधती है, तो वह केवल एक व्यक्ति के प्रति रक्षा का वचन नहीं मांगती, बल्कि उसमें संपूर्ण समाज के प्रति सद्भाव और संरक्षण की भावना अंतर्निहित होती है।

विचार गोष्ठी में मंगलाचरण का पाठ शिक्षाविद् पीयूष दशोरा ने किया द्य उमंग पण्ड्या, कविता चौधरी, संदीप आमेटा, विद्यासागर, तरुण कुमार दाधीच ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए।

समुत्कर्ष पत्रिका के उप संपादक गोविन्द शर्मा द्वारा ने ऑनलाइन जुड़े सभी संभागियों एवं वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि गोष्ठी का यह विमर्श समाज को एक नई वैचारिक दिशा देगा। समुत्कर्ष विचार गोष्ठी का संचालन शिवशंकर खण्डेलवाल ने किया । इस ऑनलाइन विचार गोष्ठी में तोषी सुखवाल, भावेश पटेल, लोकेश जोशी, सुदर्शना भट्ट, गोपाल माली, भूपेन्द्र उबाना, डॉ अनिल कुमार दशोरा, वीणा जोशी, पुष्कर सैनी, रामेश्वर प्रसाद शर्मा, चैनशंकर दशोरा तथा रश्मि मेहता भी सम्मिलित हुए।

## म्यांमार जॉब स्कैम : चंगुल से छूटे 3 भारतीय, अब तक 2,521 की वतन वापसी

स्मार्ट हलचल

**बैंकॉक/यंगून।** म्यांमार के कुख्यात म्यावाडी क्षेत्र में सक्रिय अवैध साइबर अपराध नेटवर्क और ऑनलाइन जॉब स्कैम के चंगुल में फंसे तीन और भारतीय नागरिकों को सफलतापूर्वक मुक्त कराकर सुरक्षित भारत वापस लाया गया है। म्यांमार और थाईलैंड में स्थित भारतीय मिशनों के कूटनीतिक प्रयासों और त्वरित सुरक्षा समन्वय के चलते इन नागरिकों को म्यांमार से थाईलैंड के रास्ते वतन वापसी कराने में बड़ी सफलता मिली है। भारतीय विदेश मंत्रालय और संबंधित भारतीय मिशनों के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशिया में अवैध रूप से संचालित हो रहे इन ऑनलाइन जॉब रैकेट के खिलाफ भारत सरकार का कड़ा रुख जारी है। जुलाई 2022 में इस रैकेट का पहला मामला सामने आने से लेकर वर्तमान (अगस्त 2026) तक, निरंतर चलाए गए बचाव अभियानों के तहत कुल 2,521 भारतीय नागरिकों को इन साइबर स्कैम सेंटरों से सुरक्षित



निकालकर स्वदेश वापस लाया जा चुका है। म्यांमार स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा, म्यांमार के अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई सहायता और थाईलैंड में भारतीय दूतावास द्वारा प्रदान किए गए समन्वय के साथ, म्यावाडी में ऑनलाइन घोटाले के संचालन में शामिल तीन भारतीय नागरिकों को कल थाईलैंड के माध्यम से भारत वापस लाया गया। जुलाई 2022 से वर्तमान तक कुल संख्या 2,521 व्यक्तियों तक पहुंच गई है। हम ऐसे नौकरी प्रस्तावों के संबंध में अपनी एडवाइजरी और सावधानी बरतने की हिदायत को दोहराते हैं। डिजिटल बंधक केंद्रों से निकाले जाने के बाद, इन नागरिकों को सीमा पार कराकर पहले थाईलैंड लाया गया। वहां बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उनके जरूरी यात्रा दस्तावेज़ तैयार करवाए और कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर उन्हें सुरक्षित भारत रवाना किया। बता दें कि पिछले करीब चार वर्षों के दौरान दोनों देशों में स्थित भारतीय मिशनों ने ऐसे जॉब स्कैम के जाल में फंसे भारतीयों की खूब मदद की है।

## मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, तीन मिठाई प्रतिष्ठानों से लिए सैम्पल



स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की योजना 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' के तहत ब्यावर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरुवार को मिठाई एवं नमकीन प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। जिला कलेक्टर कमल राम मीणा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा दल ने बंसल मिष्ठान भंडार, सालासर नमकीन एवं मिष्ठान भंडार तथा जोधपुर स्वीट होम का निरीक्षण किया। टीम ने यहां से गुलाब जामुन, घी, तेल एवं लड्डू के नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह एवं दशरथ सिंह शामिल रहे। लिए गए सभी नमूनों को जांच के लिए अजमेर लैब भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत ने आमजन से अपील की कि मिठाई खरीदते समय उसकी बनाने की तारीख और निर्माता का पूरा विवरण जरूर देखें। किसी खाद्य पदार्थ पर भ्रामक जानकारी अंकित पाए जाने पर तत्काल विभाग को सूचना दें। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह ने बताया कि आगामी त्योहारी एवं मेलों के सीजन को देखते हुए जांच और सैम्पलिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। अगले चरण में होटल-रेस्टोरेंट, मिठाई-नमकीन, कचौरी-पकौड़ी, फास्ट फूड, दूध-मावा और बेकरी प्रतिष्ठानों की भी व्यापक जांच की जाएगी।

## प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा ने किया युवाओं से सीधा संवाद, विधायक आक्या ने दिलाया विकास का भरोसा

स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा। शंभूपुरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा स्थानीय भरत बाग में युवा संवाद-प्रदेश अध्यक्ष के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा तथा मुख्य वक्ता के रूप में चित्तौड़गढ़ के विधायक चंद्रभान सिंह आक्या उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरेश गाडरी ने की तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री हर्षवर्धन सिंह रूद, नगर परिषद चुनाव सह संयोजक अनन्त समदानी, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री कृष्ण पाल सिंह चुण्डावत व प्रभारी रामपाल जाट मन्चासिन रहे। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'एक वोट चित्तौड़गढ़ के विकास के नाम' था जिसमें शहर के वार्डों और बस्तियों से सैकड़ो युवाओं ने भाग लेकर खुलकर अपने दिल की बात रखी।



### खुले मंच से युवाओं ने पूछे सवाल

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सीधा संवाद था जिसमें युवाओं ने बिना किसी हिचकिचाहट के मंच से सवाल पुछे। हमारे पास डिग्री है पर रोजगार नहीं, लड़कियों के लिए सुरक्षित लाइब्रेरी और खेल की व्यवस्था कब होगी? वहीं कई युवाओं ने नशा मुक्ति, स्टार्टअप लोन और नगर परिषद में पारदर्शिता का मुद्दा उठाया।

युवाओं के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा ने कहा, भाजपा ने युवाओ को सदैव सम्मान दिया है लेकिन कांग्रेस ने युवाओं का हमेशा इस्तेमाल किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है - युवा ही देश का वर्तमान है। मैं आपको भरोसा दिलाता हूँ, नगर परिषद चुनाव में टिकट से लेकर संगठन में युवाओं को 50 प्रतिशत से ज्यादा भागीदारी मिलेगी। हर वार्ड में ओपन जिम, डिजिटल लाइब्रेरी और खेल मैदान हमारा संकल्प है। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने कहा, चित्तौड़गढ़ दुर्ग हमारे गौरव का प्रतीक है। चित्तौड़ का युवा अब बाहर नहीं जाएगा' टूरिज्म सर्किट, नया औद्योगिक क्षेत्र और स्किल डेवलपमेंट सेंटर के माध्यम से हम यहीं रोजगार पैदा करेंगे। नगर परिषद में भाजपा का बोर्ड बनते ही युवा हित के कार्यो को पहली कलम से मंजूरी मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के जिला महामंत्री राधेश्याम कुमावत ने तथा आभार युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सूर्यप्रताप सिंह गुड्डा ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मातृशक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित, सेकड़ो बहनों ने सांसद व विधायक को बांधा रक्षा सूत्र



स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा। शंभूपुरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस सेवा पखवाड़ा के तहत गुरूवार को भान फोर्ट पेलेस रिसोर्ट में मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम सांसद सी पी जोशी के मुख्य आतिथ्य व विधायक चंद्रभान सिंह आक्या की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़, भदेसर निवर्तमान प्रधान सुशीला कंवर व भोपाल सागर के पूर्व प्रधान हेमेन्द्र सिंह राणावत थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विधानसभा क्षेत्र चित्तौडगढ़ की मातृशक्ति ने सहभागिता की तथा सांसद जोशी व विधायक आक्या की कलाई पर रक्षा सुत्र बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की परपंरा को आत्मीयता के साथ निभाया। इस अवसर पर अपने संबोधन में सांसद जोशी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा महिलाओ को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हे आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। विधायक आक्या ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाओ के सम्मान और आत्मनिर्भरता को नई दिशा मिली है। मातृशक्ति परिवार, समाज और राष्ट्र की शक्ति है। उन्होने क्षैत्र की बहनो को रक्षाबंधन की शुभकामनाए देते हुए कहा की रक्षाबंधन पर्व भाई-बहन के बीच स्नेह, विश्वास, सम्मान और सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक है। कार्यक्रम को पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह, भदेसर निवर्तमान प्रधान सुशीला कंवर व भोपाल सागर के पूर्व प्रधान हेमेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्ग महिलाओं को शॉल व उपरना ओढाकर उनका अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओ ने सांसद जोशी, विधायक आक्या व अन्य अतिथियो को रक्षासुत्र बांधकर उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। सांसद व विधायक ने भी सभी बहनो को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख दुख में सदैव साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया।

# शादी का झांसा देकर जेंडर बदलवाया, 5 लाख ऐंठे; नशीला पदार्थ पिलाकर रास्ते में फेंकने का आरोप

### किन्नर ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार, आरोपी पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/फतेहपुर** शादी का झांसा देकर जेंडर परिवर्तन कराने, पांच लाख रुपये ऐंठने और बाद में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोशी की हालत में रास्ते किनारे फेंकने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। खखरेरू थाना क्षेत्र की एक किन्नर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर सैलून संचालक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने पहले प्रेम जाल में फंसाया, फिर शादी की शर्त पर जेंडर परिवर्तन कराने के लिए तैयार किया और बाद में उससे पांच लाख रुपये लेने के बाद संबंध तोड़ने का प्रयास किया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसपी को दिए शिकायती पत्र में साजन उर्फ लाली ने बताया कि वह थाना क्षेत्र के आलमपुर गेरिया गांव की रहने वाली है। कुछ समय पहले वह गेरिया चौराहा स्थित एक सैलून में बाल बनवाने गई थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात सैलून संचालक नजर मोहम्मद से हुई। आरोप है कि बातचीत के दौरान आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया और बाद में फोन पर लगातार बातचीत कर उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। पीड़िता के अनुसार, नजदीकियां बढ़ने के बाद आरोपी ने उससे शादी का वादा किया। जब उसने शादी की बात कही तो आरोपी ने कथित तौर पर शर्त रखी कि शादी के लिए उसे अपना जेंडर बदलवाना होगा। आरोपी की बातों में आकर वह तैयार हो गई। आरोप है कि नजर मोहम्मद उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गया, जहां उसका जेंडर परिवर्तन कराया गया। पीड़िता का दावा है कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद आरोपी उसे कौशांबी के कड़ा धाम स्थित शीतला माता मंदिर ले गया, जहां दोनों ने शादी की। इसके बाद आरोपी ने बहन की शादी और मकान बनवाने का हवाला देते हुए उसे घर ले जाने में टालमटोल शुरू कर दी। इसी बीच उसने मकान निर्माण के नाम पर पीड़िता से पांच लाख रुपये भी ले लिए। पीड़िता का आरोप है कि मकान तैयार होने के बाद भी आरोपी उसे अपने घर नहीं ले गया। विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। उसने स्थानीय थाने में शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बीते 14 अगस्त को आरोपी ने उसे बहला-फुसलाकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद वह बेहोश हो गई। आरोप है कि आरोपी उसे गांव के बाहर रास्ते किनारे बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ।

ठीक होने के बाद पीड़िता ने दोबारा खखरेरू थाने में शिकायती पत्र दिया। उसका आरोप है कि स्थानीय पुलिस मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है और उस पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने अब एसपी फतेहपुर से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की निष्पक्ष जांच और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## नामांकन के प्रथम दिवस 118 नामांकन प्रपत्र वितरित

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/** अजमेर नगर परिषद पुष्कर चुनाव के तहत नामांकन प्रक्रिया के प्रथम दिवस कुल 118 नामांकन प्रपत्र अभ्यर्थियों/इच्छुक व्यक्तियों द्वारा प्राप्त किए गए। हालांकि, आज प्रथम दिवस किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन प्रपत्र जमा नहीं कराया गया। कल रक्षाबंधन के दिन अवकाश रहेगा ।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में शाहीन बाग के पास यमुना में मिला अज्ञात युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के कालिंदीकुंज




थाना क्षेत्र में बुधवार रात यमुना में अज्ञात शव मिला है। पुलिस के मुताबिक, शाहीन बाग में ठोकर नंबर आठ के पास यमुना नदी में एक शव के तैरने की सूचना थी। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। शव लगभग 40 वर्षीय पुरुष का था, जो सड़ी-गली अवस्था में था। क्राइम टीम ने जांच कर शव को एम्स मोर्चरी में भेज दिया है।

### महिला के लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर विवाद, पश्चिम विहार में युवक को गोली मारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम विहार क्षेत्र में बुधवार रात आपसी रंजिश के चलते 32 वर्षीय निहाल खान को गोली मार दी गई। वारदात के बाद पश्चिम विहार वेस्ट थाना पुलिस को मियांवली क्षेत्र के गेट नंबर-2 के पास युवक को गोली मारे जाने की सूचना मिली थी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खून से लथपथ निहाल को पास के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों द्वारा दिए गए प्राथमिक उपचार के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर और चिंताजनक बनी हुई है। घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक और क्राइम टीम ने मौके से अहम साक्ष्य जुटाए और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू की, जिसके आधार पर पुलिस ने तुरंत केस दर्ज कर दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शुरुआती छानबीन के अनुसार, यह पूरा मामला प्रेम प्रसंग और एक महिला के लिव-इन रिलेशनशिप में रहने को लेकर परिवार के साथ चल रहे विवाद से जुड़ा पाया गया है, और इसी रंजिश के तहत आरोपितों ने इस वारदात को अंजाम दिया था। फिलहाल, पुलिस टीम गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी की जा सके।

### फफूंद लगा खाना... दिल्ली के फाइव स्टार होटलों में एफएसएसएआई का छापा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) ने दिल्ली के एयरोसिटी स्थित पांच सितारा (फाइव स्टार) होटल जे डब्ल्यू मैरियट और अंदाज दिल्ली को नोटिस जारी किए हैं। इन हाटलों में निरीक्षण के दौरान गंभीर स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा संबंधी खामियां पाए जाने के बाद खाद्य नियामक ने कार्रवाई की है। दोनों होटल के संचालकों को सुधार के लिए तत्काल कदम उठाने और इसके प्रमाण के साथ अनुपालन रिपोर्ट जमा करने को कहा गया है।
एफएसएसएआई ने यह जानकारी देते हुए बुधवार को बताया कि दोनों होटल में निरीक्षण के दौरान कई लापरवाही दिखी। जे डब्ल्यू मैरियट में निरीक्षण के दौरान काकरोच और मक्खियां मिलीं। सड़ी और फफूंद लगी खाद्य सामग्री, गंदे बर्तन और खाद्य पदार्थ रखने और तैयार करने वाली जगहों पर भी गंदगी पाई गई। सेब पर फफूंद लगी थी और टमाटर सड़े हुए थे। कटी हुई सब्जियों तथा अन्य खाद्य पदार्थों को भी उचित तरीके से नहीं रखा गया था। शाकाहारी और मांसाहारी खाद्य पदार्थों को अलग रखने और कुछ रसोईघरों में निकासी प्रणाली को लेकर भी खामियां पाई गईं। निरीक्षण में लाइसेंस, लेबल, तापमान नियंत्रण, साफ-सफाई, खाद्य सामग्री की निगरानी और पेयजल के प्रबंधन से संबंधित कमियां भी सामने आईं।
होटल में एफएसएसएआई लाइसेंस में आवश्यक अनुमति के बिना खुदरा बिक्री और दोबारा लेबल लगाने का काम भी किया जा रहा था। कुछ पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर गलत एफएसएसएआइ लाइसेंस नंबर लिखा था और निर्माता का पूरा पता नहीं दिया गया था। निरीक्षण के दौरान फ्रीजर के पास काकरोच, मक्खियां, ग्राइंडिंग रूम में मच्छर और मकड़ी के जाले दिखे। बोतलबंद पानी तैयार करने वाले क्षेत्र में गुटखा का पैकेट भी मिला। होटल में करीब 87 किलोग्राम ऐसी मिठाइयां मिलीं जिनके इस्तेमाल की अवधि समाप्त (एक्सपायर्ड) हो चुकी थी। निरीक्षण में मियाद पूरी हो चुकी ब्रेड की पैकेजिंग पर फर्जी तारीख अंकित किए जाने, खाद्य पदार्थों के तापमान की पर्याप्त निगरानी नहीं होने, एलर्जी पैदा करने वाले पदार्थों को उचित तरीके से अलग नहीं रखने और कचरा प्रबंधन में खामियां भी सामने आईं। एफएसएसएआइ ने कहा कि होटलों से घी, मियोनीज, नारियल का दूध पाउडर, शहद, दाल, टमाटर सास, मुरब्बा और कुकीज समेत विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए हैं। आगे की कार्रवाई प्रयोगशाला जांच के नतीजों के आधार पर की जाएगी। जेडब्ल्यू मैरियट ने इस मामले पर कहा, होटल में खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और गुणवत्ता के कड़े मानकों का पालन किया जाता है। मामले की समीक्षा के दौरान होटल स्थानीय अधिकारियों को पूरा सहयोग दे रहा है और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक कदम उठाएगा। अंदाज दिल्ली के प्रवक्ता ने कहा, 22 जून को होटल में एफएसएसएआइ अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा निरीक्षण किया था।

# अद्भुत दुनिया: नर्मदा घाटी का शिकारी राजासारस और रोबोटिक डाइनो बने आकर्षण, नेशनल साइंस सेंटर में खुली नई गैलरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक अंधेरी, सीलन भरी गुफा और पैरों से टकराने से पत्थरों की आवाज के साथ हवा में नम मिट्टी की गंध और धुंध से ढके जंगलों से अचानक एक ऐसी भयानक गर्जना सुनाई देती है कि रोंगटे खड़े हो जाएं।

यह सीन किसी साइंस-फिक्शन फिल्म का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र की नई प्रागैतिहासिक जीवन दीर्घा में कदम रखते ही मिलने वाला पहला झटका है। दरअसल, यह प्रदर्शनी दर्शकों को सीधे उस दौर में ले जाती है, जब धरती पर विशालकाय जीवों का राज हुआ करता था।

गुफा की संकरी घुमावदार राहों पर बढ़ते हुए दीवारों पर बने प्राचीन शैल चित्र हल्की रोशनी में चमकते हैं, मानो आदिमानव हमें आगे आने का इशारा कर रहे हों।



### चीख के साथ टूटता है सन्नाटा

सफर की शुरुआत फटते ज्वालामुखी के शोर और शांत महासागरों की अतल गहराइयों से होती है, जहां पानी के भीतर सूक्ष्मजीवों से जिंदगी का पहला अंकुर फूटा था। लेकिन जैसे ही आप समंदर से बाहर निकलते हैं, सन्नाटा एक भयंकर चीख के साथ टूटता है और आप आ पहुंचते हैं डायनासोरों के स्वर्णिम साम्राज्य% में। यहां लगे जीवंत रोबोटिक मॉडल में सबसे प्रमुख आकर्षण भारत की नर्मदा घाटी का खूंखार शिकारी राजासारस है, जिसके माथे पर सींग जैसा उभार है और जबड़े बहुत खतरनाक हैं।

### नन्हे रोबोटिक बच्चे

ऊपर धुंध में उड़ता विशाल टैरानोडान और पक्षियों के विकास की अहम कड़ी आर्किओप्टेरिक्स व माइक्रोरैप्टर आकाश के साम्राज्य को दर्शाते हैं। वहीं, जमीन पर बख्तरबंद स्टेगोसारस व एंकिलोसारस, तोते जैसी चोंच वाला सिटाकोसारस, चालाक वेलोसिराप्टर और तेज धावक गैलिमाइमस उस दौर की विविधता पेश करते हैं। पास ही बेबी डाइनो लैब में अंडों से बाहर आते नन्हे रोबोटिक बच्चे कौतूहल बढ़ा देते हैं।

कहानी का क्लाइमेक्स उल्कापिंड की महाविनाशकारी तबाही से बदलता है, जिससे डायनासोरों का वजूद मिटता है और बर्फ की जमती परतों के साथ हिमयुग दस्तक देता है। बर्फीली हवाओं के बीच विशालकाय मैमथ के दौर से गुजरते हुए अंत में पत्थरों से आग पैदा करता बुद्धिमान मानव नजर आता है। वहीं, लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से बना यह पूरा माहौल दर्शकों को रोमांचित करने के साथ-साथ पृथ्वी के बहुमूल्य प्राकृतिक इतिहास का एक अविश्वसनीय अनुभव कराता है।

### ट्रेन में आपकी सीट पर किसी और ने जमा लिया कब्जा, घबराएं नहीं, बस करें ये आसान काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में ट्रेन यात्रा लाखों लोगों की रोजमर्रा की जरूरत है, लेकिन कई बार आरक्षित सीट पर किसी और का बैठना तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर देता है। लंबी यात्रा में थकान, भीड़ और गलतफहमी के कारण विवाद हो जाता है। ऐसे में बहस या झगड़े से बचते हुए शांत रहना और भारतीय रेलवे के नियमों का पालन करना सबसे सही तरीका है। ये कदम न सिर्फ आपकी सीट वापस दिलाते हैं, बल्कि यात्रा को सुरक्षित और सहज भी बनाते हैं। सीट पर कब्जा करनेवाले से सबसे पहले विनम्रता से बात करें। अपना आरक्षित टिकट दिखाएं और शांति से बताएं कि यह आपकी कंफर्म सीट है। कई यात्री गलती से या जगह की कमी के कारण गलत सीट पर बैठ जाते हैं। शांतिपूर्ण बातचीत से अक्सर समस्या सुलझ जाती है और दोनों पक्ष संतुष्ट रहते हैं। गुस्सा या आक्रामक व्यवहार करने से स्थिति बिगाड़ सकती है, इसलिए संयम रखना जरूरी है।अगर व्यक्ति तब भी सीट खाली करने से इनकार करे, तो तुरंत ट्रेन में मौजूद टीटीई से संपर्क करें। आरक्षित कोच में वैध यात्रियों की सीट सुनिश्चित करना टीटीई की आधिकारिक जिम्मेदारी है। वे टिकट चेक करके उचित कार्रवाई करेंगे और आपकी सीट खाली कराएंगे। इसके अलावा रेलवे हेल्पलाइन 139 पर कॉल करें या मैसेज भेजें। इसमें अपना पीएनआर नंबर और सीट का विवरण साझा करें। रेल मदाद ऐप के जरिए भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है, जिससे त्वरित सहायता मिलती है।

### जलवायु परिवर्तन का कहर: भारत में हर साल एक महीना अतिरिक्त खतरनाक गर्मी झेल रहे 14.5 करोड़ बच्चे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जलवायु परिवर्तन का सबसे गंभीर असर बच्चों पर पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय साइंस एडवांसेज जर्नल में बुधवार को प्रकाशित एक नए अध्ययन के मुताबिक भारत में 0-9 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 14.5 करोड़ (61 प्रतिशत) बच्चे ऐसे हैं, जो मानव जनित जलवायु परिवर्तन के कारण हर साल पहले की तुलना में एक महीने अधिक खतरनाक गर्मी और हीट स्ट्रेस का सामना कर रहे हैं। यह अध्ययन वृजे यूनिवर्सिटी ब्रुसेल्स के शोधकर्ताओं ने किया है। यहां 'एक महीने अतिरिक्त' का मतलब लगातार 30 दिन गर्मी में रहना नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के कारण साल में खतरनाक गर्मी/हीट स्ट्रेस वाले दिनों की अवधि में कम से कम एक महीने की बढ़ोतरी है। अध्ययन में पहली बार वैश्विक स्तर पर यह आकलन किया गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ी गर्मी और उमस का अलग-अलग आयु वर्गों पर कितना असर पड़ रहा है। निष्कर्ष बताते हैं कि बच्चों का जलवायु परिवर्तन से जुड़ी खतरनाक उमस भरी गर्मी के संपर्क में आना किसी भी अन्य आयु वर्ग की तुलना में अधिक है। अध्ययन के अनुसार, जलवायु परिवर्तन ने भारत में उन बच्चों की संख्या भी लगभग दोगुनी कर दी है।

# नईदिल्ली रेस क्लब को कोर्ट से झटका, 84 एकड़ बेशकीमती जमीन पर होगा केंद्र सरकार का कब्जा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोक कल्याण मार्ग स्थित दिल्ली रेस क्लब की 84 एकड़ बेशकीमती जमीन पर केंद्र सरकार का कब्जा लेने का रास्ता साफ हो गया है। अदालत ने मंगलवार को क्लब की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें बेदखली की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की गई थी।

पटियाला हाउस स्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने स्पष्ट किया कि क्लब का 1926 में दिया गया पट्टा 31 दिसंबर 1994 को समाप्त हो चुका था और इसके बाद उसका नवीनीकरण नहीं हुआ।

किराये का करता रहा भुगतान

क्लब ने दलील दी थी कि वह लंबे समय से नियमित रूप से किराये का भुगतान करता रहा है, इसलिए इसे पट्टे की अवधि बढ़ाने के तौर पर माना जाना चाहिए। हालांकि, न्यायाधीश पीतांबर दत्त ने कहा कि पट्टा समाप्त होने के बाद केवल किराये का भुगतान करने से पट्टे का नवीनीकरण नहीं माना जा सकता।

क्लब ने वर्ष 2013 में करीब 3.5 करोड़ रुपये के भुगतान का भी हवाला दिया था। उसका दावा था कि यह राशि पट्टे की अवधि बढ़ाने के लिए दी गई थी। अदालत ने




इस दलील को भी स्वीकार नहीं किया। अदालत के मुताबिक, यह राशि भविष्य के किराये या पट्टा बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि चार जुलाई 2013 तक की क्षतिपूर्ति के रूप में वसूल की गई थी।

### कोई दलील नहीं रखी

अदालत ने यह भी कहा कि क्लब को कई अवसर दिए गए, लेकिन उसने संपदा अधिकारी के समक्ष न तो कोई जवाब दाखिल किया और न ही कोई दलील रखी। ऐसे में संपदा अधिकारी ने उपलब्ध दस्तावेजों और सामग्री के आधार पर 11 अगस्त 2026 को आदेश पारित किया। केंद्र सरकार ने अदालत में कहा था कि 31 दिसंबर 1994 को पट्टा खत्म होने के बाद उसका नवीनीकरण नहीं हुआ, इसलिए क्लब का जमीन पर कब्जा अवैध है। केंद्र ने मार्च में क्लब को जमीन का शांतिपूर्ण कब्जा सौंपने का नोटिस जारी किया था। सरकार ने जमीन को सार्वजनिक उद्देश्य के लिए आवश्यक बताया था।

### कार्रवाई पर लगा दी गई थी रोक

इसके बाद 17 अप्रैल को सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत कब्जाधारी) अधिनियम के तहत क्लब को कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई शुरू की गई। क्लब ने इस नोटिस को दिल्ली हाई कोर्ट की एकल पीठ में चुनौती दी थी। एकल पीठ ने 30 जुलाई तक आगे की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। केंद्र सरकार ने इसके खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की, जहां उसकी अपील स्वीकार कर ली गई। अब अंतरिम राहत की मांग खारिज होने के बाद केंद्र के लिए जमीन का कब्जा लेने की कार्रवाई आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है।

# ड्रग्स तस्करी का तरीका: पोर्टर एप से एमएनसी कर्मचारियों तक पहुंचाई जा रही थी एम्फेटामाइन, पुलिस ने दबोचा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम और नोएडा में बीपीओ व बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) में काम करने वाले कर्मचारियों तक पोर्टर एप के जरिये एम्फेटामाइन की छोटी-छोटी खेप पहुंचाई जा रही थी।

द्वारका जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक भारतीय पेडलर प्रणव लामा (30) और घाना के नागरिक आगस्टीन जान क्रारे (65) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों के कब्जे से 31.14 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाला एम्फेटामाइन बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार प्रणव लामा पोर्टर एप के जरिये कम मात्रा में नशीला पदार्थ ग्राहकों तक पहुंचाता था। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि प्रणव इसी माह के शुरुआत में एक अफ्रीकी नागरिक के संपर्क में आया था। इसके बाद उसने एम्फेटामाइन की सप्लाई शुरू कर दी। वह सीधे ग्राहकों तक पहुंचने के बजाय पोर्टर एप के जरिये




छोटी खेप भेजता था। वहीं, जांच में यह भी सामने आया है कि उसने अपने पुराने खरीदारों का वॉट्सएप ग्रुप बना रखा था। इसी ग्रुप के माध्यम से एमएनसी और बीपीओ में काम करने वाले कुछ लोग उसके संपर्क में आए थे। उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि एसीपी आपरेशन सेल सुभाष मलिक की निगरानी में एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की टीम नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वालों पर लगातार नजर रख रही थी। मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पोर्टर एप के जरिये कम मात्रा में एम्फेटामाइन की सप्लाई कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने बिंदापुर थाना क्षेत्र में छापेमारी की। यहां किराये के मकान से प्रणव को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 10.37 ग्राम एम्फेटामाइन बरामद हुआ। प्रणव ने बताया कि वह यह नशीला पदार्थ द्वारका मोड़ के पास एक अफ्रीकी नागरिक से लेता था। प्रणव की निशानदेही पुलिस टीम ने द्वारका मोड़ के पास आगस्टीन को पकड़ लिया। उसके कब्जे से 20.77 ग्राम एम्फेटामाइन बरामद हुआ। पूछताछ में आगस्टीन ने पुलिस को बताया कि वह 2012 में नेपाल सीमा के रास्ते भारत आया था। वह पहले ठगी के एक मामले में गिरफ्तार हो चुका है। पिछले कुछ समय से वह दिल्ली में सक्रिय अफ्रीकी ड्रग तस्करों के संपर्क में था। पुलिस अब उसके संपर्क में रहे लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। प्रणव के खिलाफ पहले कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। जांच में सामने आया है कि आरोपित ड्रग की छोटी-छोटी खेप ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए पोर्टर एप का इस्तेमाल कर रहा था। ये

# साइबर अपराधियों की खैर नहीं! दिल्ली में बनेगा डी4सी, 4 विंग करेंगी काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में साइबर ठगी और डिजिटल अपराधों पर अब दिल्ली साइबर अपराध समन्वय केंद्र (डी4सी) नकेल कसेगा। उपराज्यपाल के आदेश पर दिल्ली साइबर अपराध समन्वय केंद्र का गठन किया जा रहा है। इसमें संयुक्त पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारी तैनात होंगे और सीइओ इसकी चार मुख्य विंगों की कमान संभालेंगे। द्वारका की आइएफएसओ यूनिट और 1930 हेल्पलाइन का भी डी4सी में विलय कर दिया है।

राजधानी में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों, वित्तीय धोखाधड़ी, आनलाइन ब्लैकमेलिंग और डेटा चोरी जैसे मामलों पर शिकंजा कसने के लिए दिल्ली सरकार के गृह विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। उपराज्यपाल के आदेश पर दिल्ली पुलिस को डी4सी की स्थापना को मंजूरी दे दी गई है। यह केंद्र राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आइ4सी) की तर्ज पर दिल्ली में नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगा। गृह विभाग के प्रधान सचिव संतोष डी. वैद्य की अधिसूचना के अनुसार, डी4सी दिल्ली पुलिस आयुक्त के



सीधे नियंत्रण में कार्य करेगा। इसका मुख्य उद्देश्य राजधानी में उभरते साइबर खतरों से निपटना, जांच में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल और पीड़ितों को त्वरित राहत पहुंचाना है। डी4सी को चार अलग-अलग विंगों में बांटा गया है, जिनमें से प्रत्येक की कमान पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) स्तर के अधिकारी के हाथों में होगी। इसमें प्रशासनिक विंग होगी जोकि समन्वय, बजट, प्रशिक्षण और जन-जागरूकता अभियानों का प्रबंधन करेगी। दूसरी साइबर विंग जटिल साइबर अपराधों की जांच के लिए समर्पित पुलिस स्टेशन, राज्य डिजिटल जांच सहायता केंद्र (एस-डीआइएससी) और फोरेंसिक लैब संचालित करेगी।

# दिल्ली में एच-1 एन-1 के 138 नए मामले आए, कुल संख्या 2,446 पहुंची; सभी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एच1एन1 (स्वाइन फ्लू) के मामलों में फिर से बढ़ोतरी देखने को मिली है। दिल्ली सरकार के अनुसार पिछले 24 घंटों में राजधानी में एच1एन1 के 138 नए मामले सामने आए हैं। इससे वर्ष 2026 में दिल्ली में एच1एन1 के कुल मामलों की संख्या 2,446 हो गई है। इन्फ्लूएंजा-ए के कुल मामले 3,177 दर्ज किए गए हैं। बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा है। सभी अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि वे कम से कम पांच आइसोलेशन बेड सुनिश्चित रखें। बड़े अस्पतालों में यह संख्या 10 या उससे




अधिक होनी चाहिए, ताकि इन्फ्लूएंजा और वेक्टर जनित बीमारियों के मरीजों का उचित प्रबंधन किया जा सके। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पतालों को शिफ्ट-वार ड्यूटी रोस्टर बनाने और डॉक्टरों व चिकित्सा कर्मचारियों की चौबीसों घंटे उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बच्चों और बुजुर्गों जैसे संवेदनशील वर्गों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। अस्पतालों को इन मरीजों का समय पर आकलन और उचित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आपातकालीन विभागों में फ्लू कॉर्नर स्थापित करने या उन्हें मजबूत करने पर जोर दिया गया है। इन कॉर्नर में सीनियर रेसिडेंट डॉक्टरों को इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा। संदिग्ध मरीजों का तुरंत आकलन कर जहां चिकित्सकीय रूप से आवश्यक हो, स्वैब सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जाएं। रेस्पिरेटरी सैंपल कलेक्शन और टेस्टिंग के लिए वायरल ट्रांसपोर्ट मीडियम (वीटीएम) तथा अन्य आवश्यक सामग्रियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। दवाओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दवाओं की नियमित रिपोर्ट जमा करने और पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने को कहा गया है।

# पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश सिंह ने जलभराव की समस्या को लेकर अधिकारियों संग बैठक की

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली जल एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) में हाल में हुई बारिश के बाद जलभराव की समस्या को लेकर अधिकारियों संग बैठक की और भविष्य में फिर से जनता को ऐसी समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए फटकार भी लगाई। बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को इस समस्या का समाधान निकालने के लिए कहा। मंगलवार को दिल्ली में भारी बारिश हुई थी, जिसके वजह से कई इलाकों में जलभराव हो गया था और लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा था।

बैठक नई दिल्ली नगरपालिका परिषद कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। इस दौरान एनडीएमएसी एरिया में जलभराव के अलग-अलग मामलों पर चर्चा की गई। बैठक में संबंधित चीफ इंजीनियर्स और विभागों के हेड शामिल रहे।

**मंत्री ने एक्स पर क्या लिखा?** बैठक के बाद सिंह ने एक्स पर बैठक को लेकर जानकारी दी। उन्होंने लिखा 'नई दिल्ली नगरपालिका परिषद इलाकों में लापरवाही के वजह से जलभराव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एनडीएमसी बैठक में सख्त निर्देश दिए गए कि अगर दोबारा जलभराव होता है, तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।'

**हाल में हुई बारिश के बाद जलभराव-** यह समीक्षा बैठक राजधानी में हाल के दिनों में हुई भारी बारिश के बाद उपजे हालातों के बाद हुई है। इस दौरान कई इलाकों में भयंकर जलभराव देखने को मिला था। सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आ रहे थे।

**त्वरित कार्रवाई करने के दिए निर्देश-** समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपनी तैयारियों को पुख्ता करके



रखें और बारिश के दौरान होने वाले जलभराव को हटाने और लोगों को इससे असुविधा का सामना न करने पड़े इसके लिए त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

**एनडीएमसी के चेयरमैन ने मांगी है माफी-** आपको बता दें कि इससे पहले नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने बुधवार को अपने अधिकार क्षेत्र के कई इलाकों में बारिश के कारण हुए जलभराव के लिए स्थानीय निवासियों से माफी मांगी और कहा कि भविष्य में ऐसी स्थिति से निपटने के लिए व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सामान्य परिस्थितियों में नगर निकाय 15-20 मिनट के भीतर जलभराव की समस्या दूर कर देता है, लेकिन मंगलवार को कम से कम तीन-चार स्थानों पर पानी निकालने में एक घंटे से अधिक समय लग गया।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए भारत की अंडर-19 टीम में सहवाग और द्रविड़ के बेटों का चयन



**नई दिल्ली,एजेंसी।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग और पूर्व कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला के लिए भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। जूनियर पुरुष चयन समिति ने घरेलू दौरे के लिए टीमों की घोषणा कर दी है, जिसका कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने वाला है। जिसमें राजकोट में 18, 21 और 23 सितंबर को खेले जाने वाले तीन 50 ओवर के मैच शामिल हैं। इसके बाद राजकोट में 27 से 30 सितंबर तक और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम 'बी' ग्राउंड में 5 से 8 अक्टूबर तक खेले जाने वाले दो लाल गेंद के बहुदिवसीय मैच होंगे। 50 ओवर के मैच में उत्तराखंड के बल्लेबाज लक्ष्य रायचंदानी कप्तानी करेंगे, जबकि मध्य प्रदेश के बल्लेबाज यशबर्धन चौहान उनके उप-कप्तान होंगे। चौहान लाल गेंद वाले मैचों में कप्तानी संभालेंगे और रायचंदानी उनके उप-कप्तान होंगे। लेग स्पिन ऑलराउंडर आर्यवीर और विकेटकीपर बल्लेबाज अन्वय को 15 सदस्यीय वनडे टीम में जगह मिली है, लेकिन दोनों ही वनडे मैचों के लिए चुनी गई टीम में शामिल नहीं हैं। आर्यवीर फिलहाल 2026 दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में वेस्ट दिल्ली लायंस के लिए खेल रहे हैं और अब तक सिर्फ दो मैच ही खेल चुके हैं। वहीं, अन्वय ने जुलाई में श्रीलंका दौरे पर भारत की अंडर-19 टीम के लिए दो 50 ओवर के मैचों में 101 रन बनाए। उस दौरे पर भारत की अंडर-19 टीम 50 ओवर की सीरीज 2-1 से हार गई, लेकिन रेड बॉल सीरीज 1-0 से जीत ली। आर्यवीर के अलावा, मनल चौहान और चिगुरुपति वेंकट को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 ओवर के मैचों में शामिल किया गया है, जबकि सागर विर्क, अनमोलजीत सिंह और ईशान सूद को टीम से बाहर रखा गया है। मल्टी-डे गेम्स टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज अभिप्रय बिस्वास (विकेटकीपर), इशान ओम, अयान अकरम, मोहित उलवा और आर्यन यादव को शामिल किया गया है, उनकी जगह विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन संदेश सकपाल, हेमचुदेशन जे, बीके किशोर, काव्या परेश पटेल और चिगुरुपति वेंकट को शामिल किया गया है। एकदिवसीय मैचों के लिए भारत की यू19 टीम में लक्ष्य रायचंदानी (कप्तान), यशबर्धन चौहान (उपकप्तान), रजत बघेल (विकेटकीपर), आर्यवीर सहवाग, वीके विनीत, कुशाग्र ओझा, अर्जुन राजपूत, मनल चौहान, अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर), वी. यशवीर, रोहित यादव, शाविन विनोद, मोहित उलवा, चिगुरुपति वेंकट और काव्या पटेल है। बहु-दिवसीय मुकाबलों के लिए भारत की अंडर-19 टीम में यशबर्धन चौहान (कप्तान), लक्ष्य रायचंदानी (उप-कप्तान), सागर विर्क, कुशाग्र ओझा, मनाल चौहान, कुश पटेल, मानव कृष्णा (विकेटकीपर), अभिप्राय विश्वास (विकेटकीपर), रोहित यादव, इशान ओम, अयान अकरम, प्रणव राघवेंद्र, प्रियांशु सिंह, मोहित उलवा और आर्यन यादव है।

## भारत दौरे की वजह से न्यूजीलैंड में टिकटों की रिकॉर्ड मांग




**क्राइस्टचर्च ,एजेंसी।** न्यूजीलैंड क्रिकेट के इंटरनेशनल समर क्रिकेट ने रिकॉर्ड तोड़ शुरुआत की है। क्रिकेट नेशन मेंबर्स की प्री-सेल के पहले 48 घंटों के अंदर 26,000 टिकट बिक गए। टिकटों की जबरदस्त मांग भारत दौरे की वजह से है। भारतीय टीम अक्टूबर में मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। इस दौरे पर 12 मैच खेले जाने हैं। ऑकलैंड के ईडन पार्क में व्हाइट-बॉल मैच शुरुआती बिक्री में सबसे बड़ा आकर्षण बनकर उभरा हैं। क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में भी टिकटों की जबरदस्त मांग देखी गई है। 9,000 की क्षमता वाले इस वेन्यू पर 22 और 24 अक्टूबर को होने वाले शुरुआती दो टी20 के साथ-साथ 27 नवंबर से 1 दिसंबर तक होने वाले टूर के दूसरे और आखिरी टेस्ट के लिए भी टिकट बिक जाने की उम्मीद है। वेलिंगटन में भी टिकटों की बिक्री जोरों पर है। यहां तीसरा टी20 और दूसरा वनडे खेला जाना है। पहला टेस्ट, जो 19 नवंबर से शुरू होगा, बेसिन रिजर्व में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट के चीफ मार्केटिंग और कमर्शियल ऑफिसर ग्लेन क्रिचली ने कहा कि शुरुआती रिस्पॉन्स भारत के दौरे को लेकर उत्साह दिखाता है। शुरू से ही फैन्स के लिए हमारा संदेश यही रहा है कि वे कुछ भी मिस न करने के लिए तैयार रहें। पहले दो दिनों में टिकटों की रिकॉर्ड बिक्री से यह साबित होता है कि बहुतों ने हमारी बात सुनी है। न्यूजीलैंड के लोगों के लिए यह एक बहुत कम मिलने वाला मौका है कि वे भारत से जुड़े क्रिकेट के खेल का जबरदस्त मजा लें और दुनिया के कुछ सबसे बड़े क्रिकेट स्टार को खेलते हुए देखें। ' उन्होंने कहा, 'हमने जानबूझकर टिकट की कीमतें पिछले सीजन जितनी ही रखी हैं, और हमारे क्रिकेट नेशन एक्सेस कोड का इस्तेमाल करके एक टिकट 30 डॉलर से कम में मिल रहा है। हमें खुशी है कि फैंस अपनी सीट पक्की करने के लिए जल्दी आ रहे हैं और जनरल पब्लिक सेल में अभी 11 दिन बाकी हैं। हमारा संदेश यही है कि मौका न चूकें। क्रिचली ने 'द फोर' और 'द सिक्स' ग्रुप टिकट पैकेज के साथ-साथ वेन्यू टिकट बंडल को भी हाईलाइट किया, जो उन सपोर्टर्स के लिए अतिरिक्त वैल्यू विकल्प है और जो कई मैच देखने का प्लान बना रहे हैं। जनरल पब्लिक सेल 7 सितंबर से शुरू होने वाली है। हालांकि, फैंस अभी भी क्रिकेट नेशन के लिए साइन अप करके एक्सक्लूसिव प्री-सेल का फायदा उठा सकते हैं, जो टिकटों पर 15 प्रतिशत का डिस्काउंट भी देता है।

### सीपीएल 2026

## टिम सिफर्ट का विस्फोटक शतक, सेंट लूसिया ने त्रिनबागो नाइट राइडर्स को 36 रन से हराया

**त्रिनिदाद,एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2026 के 17वें मैच में सेंट लूसिया किंग्स ने त्रिनबागो नाइट राइडर्स को 36 रन से हरा दिया। सेंट लूसिया की जीत में पारी की शुरुआत करने आए विस्फोटक बल्लेबाज टिम सिफर्ट के विस्फोटक शतक की अहम भूमिका रही। ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में त्रिनबागो नाइट राइडर्स को जीत के लिए 212 रन का विशाल लक्ष्य मिला था, लेकिन बड़े लक्ष्य के सामने टीम लड़खड़ा गई और 20 ओवर में 6 विकेट पर 175 रन बना सकी। त्रिनबागो के लिए छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए दिग्गज ऑलराउंडर किरोन पोलार्ड ने विस्फोटक तूफानी अर्धशतक लगाया, लेकिन उसका फायदा टीम को नहीं हुआ। पोलार्ड ने 26 गेंदों पर 5 छक्के और 6 चौकों की मदद से 65 रन की पारी खेली। इसके अलावा पारी की शुरुआत करने आए कोलिन मुनरो ने 35 गेंदों पर 2 छक्के और 6 चौकों की मदद से 48 रन बनाए। सुनील नरेन ने भी 14 गेंदों पर 25 रन बनाए। कप्तान निकोलस पूरन (0), मैथ्यू ब्रिट्जके (0) और मैथ्यू ट्रॉम्प की 26 गेंदों पर खेली गई 15 रनों की पारी त्रिनबागो की हार का मुख्य कारण रही। सेंट लूसिया किंग्स के लिए कप्तान रोस्टन चेज ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए।



# मुचोवा-मेंसिक ने बेनसिक-कोबोली की जोड़ी को हराकर खिताब जीता



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** जैकब मेंसिक और कैरोलिना मुचोवा ने गुरुवार को आर्थर ऐश स्टेडियम में हुए फाइनल में फ्लेवियो कोबोली और बेलिंडा बेनसिक को हराकर यूएस ओपन 2026 का मिक्स्ड डबल्स का खिताब जीता। चेक जोड़ी ने एक टीम के तौर पर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता, उन्होंने इटैलियन-स्विस जोड़ी को एक घंटे, 13 मिनट के मुकाबले में 6-3, 1-6, (10-6) से हराया। मेंसिक और मुचोवा ने अच्छी शुरुआत की, अपनी सर्व बनाए रखते हुए 2-1 की बढ़त बनाई, फिर चौथे गेम में बेनसिक और कोबोली की सर्विस तोड़ी, जिसमें स्विस खिलाड़ी ने वाइड शॉट मारा। बेनसिक और कोबोली ने छठे गेम में लव पर पकड़ बनाए रखते हुए जोरदार वापसी की, लेकिन ब्रेक नहीं ले सके और चेक जोड़ी ने पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में बेनसिक और कोबोली ने ब्रेक वापस ले लिया, जब बेनसिक ने फोरहैंड रिटर्न विनर मारा, और 3-1 की बढ़त बना ली। उनकी शानदार वापसी तब जारी रही जब कोबोली ने अपनी सर्व को मजबूत किया, इससे पहले कि मेंसिक की सर्विस टूट गई। बेनसिक ने दूसरे सेट के लिए सर्व किया और इसे 6-1 से जीत लिया। यह टाईब्रेक तक गया, लेकिन चेक जोड़ी ने अपने विरोधियों को दूर रखने के लिए काफी कुछ किया।

वे 9-5 से आगे थे, इससे पहले कि मेंसिक ने टाईब्रेक जीतने और यूएस ओपन का खिताब जीतने के लिए एक ऐस लगाया। दोनों इस गेम में सेमीफाइनल में मिरा एंड्रीवा और एंड्री रुबलेव पर टाईब्रेक जीत के बाद आए थे। मैच के बाद मुचोवा ने कहा, 'मुझे लगता है कि आखिर में, मैचिंग आउटफिट ने हमारे लिए फर्क पैदा किया। मुझे सच में उम्मीद नहीं थी कि मैं आज रात यहां खड़ी रहूंगी। हम बस मजे करने और इस मिक्स्ड डबल्स का आनंद लेने आए थे। अब हम यहां खड़े हैं। ' मेन्सिक ने इस बड़ी जीत पर कहा, 'मैं पहली बार यहां खड़ा हुआ हूं। टूर्नामेंट से पहले मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी, लेकिन यह बहुत मजेदार है। यह जीत अद्भुत है। '



## 35 पर सारे प्लेयर ऑलआउट

**7 खिलाड़ी जीरो पर निपटे...**

# क्रिकेट के मैदान में इस टीम का हो गया तमाशा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के मैदान पर कभी-कभी ऐसा प्रदर्शन देखने को मिलता है, जिस पर यकीन करना मुश्किल हो जाता है. वुमेंस कॉन्टिनेंटल कप 2026 में ऑस्ट्रिया की महिला टीम के साथ कुछ ऐसा ही हुआ. ग्वेर्नसे के खिलाफ एक दिन पहले 85 रन की शानदार जीत दर्ज करने वाली ऑस्ट्रिया की टीम अगले ही मुकाबले में तुर्की के सामने सिर्फ 35 रन पर ऑलआउट हो गई. टीम के सात बल्लेबाजों का खाता तक नहीं खुला. बारिश की वजह से मुकाबला 10-10 ओवर का कर दिया गया था, लेकिन मैच भी ज्यादा देर नहीं चला. तुर्की ने सिर्फ 82 गेंद में मुकाबला खत्म कर दिया और 27 गेंद बाकी रहते आठ विकेट से जीत दर्ज 3की. बुखारेस्ट के मोआरा व्लासी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मुकाबले में तुर्की की कप्तान कुब्रा कनावरची ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया.

### 20 रन की साझेदारी के बाद फिर शुरू हुआ विकेटों का सिलसिला

सलामी बल्लेबाज कोमाती रेड्डी और शीतल भारद्वाज ने पारी को संभालने की कोशिश की. दोनों ने चौथे विकेट के लिए 20 रन जोड़े. लेकिन तुर्की की कप्तान कनावरची ने रेड्डी को आउट कर यह साझेदारी तोड़ दी. रेड्डी ने 19 गेंदों पर आठ रन बनाए. इसके बाद तुर्की की गेंदबाजों ने ऑस्ट्रिया के बल्लेबाजी क्रम को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया. कनावरची ने मल्लिका पाथिरानाहेलागे को आउट किया, जबकि उसी ओवर में प्रविथा गणेशन भी पवेलियन लौट गई. अगले ओवर में हाजर सेलिक ने तो कहर ही बरपा दिया.

### कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सका

ऑस्ट्रिया की पारी 8.1 ओवर में 35 रन पर सिमट गई. शीतल भारद्वाज रन आउट होने वाली आखिरी बल्लेबाज रहीं. ऑस्ट्रिया की ओर से कोई भी बल्लेबाज 10 रन तक नहीं पहुंच सका. रेड्डी के आठ रन टीम की पारी का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर रहा. यह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में ऑस्ट्रिया का अब तक का सबसे कम स्कोर भी बन गया. यानी एक दिन पहले ग्वेर्नसे के खिलाफ 85 रन से जीत दर्ज करने वाली टीम अगले ही मुकाबले में 35 रन पर ढेर हो गई.

### तुर्की ने 5.3 ओवर में खत्म कर दिया मैच

तुर्की को जीत के लिए सिर्फ 36 रन का लक्ष्य मिला था. लक्ष्य छोटा था, लेकिन टीम को भी शुरुआत में झटका लगा. कप्तान कनावरची सिर्फ चार गेंद खेलकर बिना खाता खोले मल्लिका की गेंद पर आउट हो गईं. इसके बाद मल्लिका ने अपनी अगली ओवर में दूसरे सलामी बल्लेबाज सुजान तुरान को भी पवेलियन भेज दिया. हालांकि इसके बाद जेहरा एंडर और मेलिके बायराम ने कोई और मौका नहीं दिया. दोनों ने मिलकर तुर्की को 5.3 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया. एंडर ने 12 गेंदों पर 13 रन बनाए, जबकि बायराम ने 11 रन की पारी खेली. बायराम ने अपनी पारी में मुकाबले का इकलौता छक्का भी लगाया.तुर्की ने आठ विकेट से मुकाबला अपने नाम किया और उसके पास 27 गेंदें बाकी थीं.

ऑस्ट्रिया की कप्तान प्रिया साबू पारी के पहले ही ओवर में एजगी नूर किलिक की गेंद पर बोल्ड हो गईं. वह सिर्फ दो गेंद खेलकर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गईं. दूसरे ओवर में आशी चोपला रन आउट हो गईं. वह भी दो गेंद खेलकर डक पर आउट हुईं. इसके बाद तीसरे ओवर में विकेटकीपर बल्लेबाज हादिया सिद्दीकी को हाजर सेलिक ने बोल्ड कर दिया.

### कोलंबो टेस्ट

## सोनल दिनुशा ने रचा इतिहास, भारत के खिलाफ ये रिकॉर्ड बनाने वाले पहले श्रीलंकाई बने

**कोलंबो,एजेंसी।** शानदार फॉर्म में चल रहे श्रीलंका के सोनल दिनुशा ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान दूसरी इनिंग में अर्धशतक लगाते हुए बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। सोनल दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान सभी चार पारियों में 50 से ज्यादा रन बनाने वाले श्रीलंकाई खिलाड़ी बन गए हैं। इतना ही नहीं इससे भी बड़ी बात यह है कि वह भारत के खिलाफ ऐसा करने वाले पहले श्रीलंकाई हैं। इससे पहले श्रीलंका के कुमार संगकारा और दिमुथ करुणारत्ने ने यह उपलब्धि हासिल की है। लेकिन भारत के खिलाफ यह पहला मौका है। संगकारा ने दो बार दो मैचों की टेस्ट सीरीज में यह रिकॉर्ड बनाया है। संगकारा ने बांग्लादेश के खिलाफ 2013 और फिर इंग्लैंड के खिलाफ उसी के घर में 2014 में दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 बार 50 प्लस स्कोर बनाया था। करुणारत्ने ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2018 में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब इस लिस्ट में सोनल का नाम शामिल हो गया है जिन्होंने भारत के खिलाफ ऐसा किया।



### श्रीलंका ने हारते मैच में पलटी बाजी, कोलंबो टेस्ट में भारत ड्रॉ के लिए मजबूर

भारत और श्रीलंका के बीच कोलंबो में खेले गए सीरीज का दूसरा मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हुआ है। सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर खेले गए इस मैच में टीम इंडिया दूसरी पारी में श्रीलंका को ऑलआउट नहीं कर पाई और यह मैच ड्रॉ पर छूटा। इसी के साथ भारतीय टीम ने सीरीज को 1-0 से जीत लिया।

# दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान लेंगे संन्यास

## 2026 के बाद क्रिकेट को कहेंगे अलविदा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान डीन एल्गर ने 2026 सीजन के अंत में सभी तरह के पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने का एलान किया है। 39 वर्षीय एल्गर ने परिवार को अधिक समय देने को अपने फैसले की मुख्य वजह बताया और दो दशक से ज्यादा लंबे करियर को अलविदा कहने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और अनुभवी सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर ने क्रिकेट से संन्यास लेने का एलान कर दिया है। 39 वर्षीय एल्गर 2026 सीजन के अंत में पेशेवर क्रिकेट के सभी प्रारूपों को अलविदा कहेंगे। इसके साथ ही दो दशक से अधिक लंबे उनके शानदार क्रिकेट करियर का अंत हो जाएगा।

### अब परिवार के लिए मौजूद रहना चाहता हूं

अपने संन्यास के फैसले पर एल्गर ने कहा, 'मुझे लगता है कि अब मेरे लिए सही समय है। मैं अब 39 साल का हूं और घर पर बहुत कुछ चल रहा है। मेरे बच्चे तेजी से बड़े हो रहे हैं। मैं अब अपने परिवार के लिए मौजूद रहना चाहता हूं।' उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के लिए 12 साल खेलना और फिर टीम की कप्तानी करना उनके करियर के सबसे गौरवपूर्ण पलों में रहा। एल्गर ने कहा, 'अगर मैं अपने सफर को पीछे मुड़कर देखता हूं तो शायद बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि मेरा क्रिकेट करियर इतना लंबा चलेगा। दो दशक से ज्यादा का करियर होना मेरे लिए बेहद खास है।'



### 86 टेस्ट में बनाए 5347 रन

डीन एल्गर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 86 टेस्ट मैच खेले और 37.92 की औसत से 5347 रन बनाए। उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में 14 शतक हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 199 रन रहा, जो उन्होंने 2017 में बांग्लादेश के खिलाफ बनाया था। एल्गर ने दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी भी 18 टेस्ट मैचों में की। उन्होंने जनवरी 2024 में भारत के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में आखिरी बार प्रोटियाज टीम की कप्तानी की थी। उस मुकाबले में नियमित कप्तान तेम्बा बावुमा चोटिल होने के कारण टीम का हिस्सा नहीं थे।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com